संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

06 मार्च 2026, शुक्रवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 155

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज


# संताल एक्सप्रेस

### 4 घंटे में चार बार भूकंप के तेज झटकों से हिला गुजरात

**नई दिल्ली ।** गुजरात में गुरूवार को कुदरत ने एक के बाद एक तीन झटके दिए हैं. राज्य के अलग-अलग हिस्सों में महज 4 घंटे के भीतर तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में काफी डर का माहौल बन गया. हालांकि, राहत की बात यह है कि इन झटकों की तीव्रता बहुत ज्यादा नहीं थी और कहीं से भी किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है.

# अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध पहुंचा खतरनाक मोड़ पर

## भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत पर अमेरिका का हमला, 87 नौसैनिकों की मौत



एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव/नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच सीधा युद्ध छठे दिन में पहुंच चुका है। शुरुआत में हुए संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर के बाद हालात और ज्यादा बिगड़ गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मिसाइल और ड्रोन हमले तेज हो गए हैं। अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। श्रीलंका की नेवी ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया हैईरान ने सबसे ज्यादा नुकसान होने की बात कही है। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 1230 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 175 स्कूली छात्राएं और स्कूल स्टाफ भी शामिल हैं, जिनकी मौत युद्ध के पहले दिन दक्षिणी शहर मिनाब के एक प्राथमिक स्कूल पर मिसाइल हमले में हुई।

### अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण होर्मुज बंद पश्चिम एशिया में तेल की सप्लाई बाधित

**नई दिल्ली ।** अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए जा रहे हमलों के छठे दिन युद्ध का दायरा अब मिडिल ईस्ट की सीमाओं को पार कर हिंद महासागर तक फैल चुका है। एक तरफ जहां ईरान के 33 नागरिक और सैन्य ठिकानों पर बड़े हमले हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सप्लाई पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। इस बीच मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच भारत के लिए तेल सप्लाई को लेकर राहत भरी खबर सामने आई है। रूस भारत को क्रूड ऑयल भेजने के लिए तैयार है ताकि संभावित सप्लाई रुकावटों का असर कम किया जा सके।

# बिहार का मुख्यमंत्री पद छोड़ेंगे नीतीश

## राज्यसभा जाएंगे, नितिन नवीन सहित एनडीए के पांचों उम्मीदवारों ने भरा पर्चा



एजेंसी

**पटना ।** बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और शिवेश कुमार ने राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा जदयू के वरिष्ठ नेता नामांकन कार्यक्रम में शमिल हुए। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार 10 अप्रैल तक बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। कारण कि 10 अप्रैल तक राज्यसभा का कार्यकाल है। नया टर्म इसके बाद ही शुरू हो रहा है। इससे साफ है कि जब तक नीतीश कुमार उच्च सदन नहीं पहुंच जाते। तब तक वह बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। ऐसे में जदयू की कमान किसके हाथ में जाएगी, इसे लेकर अभी कुछ साफ नहीं है। कहा जा रहा है नीतीश के बेटे को कमान दी जा सकती है।

नीतीश कुमार वर्ष 2005 से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। नीतीश ने कहा कि राज्य में नए मुख्यमंत्री और राज्य की नयी सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन जताया है। उसी विश्वास की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके भरोसे और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की एक नयी पहचान प्रस्तुत कर रहा है। नीतीश कुमार ने राज्य के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनकी इच्छा रही है कि वह बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ संसद के दोनों सदनों के भी सदस्य बनें। उन्होंने एक्स पर कहा] इसी आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए मैं इस बार होने वाले चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनने की इच्छा रखता हूं। उन्होंने कहा, मैं पूरी ईमानदारी के साथ आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि भविष्य में भी आपसे मेरा संबंध बना रहेगा और विकसित बिहार के निर्माण के लिए आपके साथ मिलकर काम करने का मेरा संकल्प अडिग रहेगा। राज्य में बनने वाली नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।

### हमारे साथ रहते नीतिश तो आज ये दिन नहीं देखना पड़ता : तेजस्वी



**पटना ।** बिहार में जारी सियासी घटनाक्रम के बीच राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि यदि वे नीतिश कुमार के साथ होते, तब उन्हें आज की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। पटना में तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश के राज्यसभा जाने के फैसले से उन्हें सहानुभूति है। उन्होंने दावा किया कि इस फैसले के पीछे बीजेपी का दबाव रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा 10 को करेगा विधानसभा मार्च

**रांची ।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा (जेएएसएम) रांची जिला की बैठक डोरंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 मार्च को विधानसभा मार्च किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सुबोध कुमार लकड़ा और संचालन सचिव मनोज लकडा ने की। मौके पर सुबोध कुमार लकड़ा ने बताया कि मांगों को लेकर 10 मार्च को झारखंड विधानसभा मार्च किया जाएगा है। साथ ही इस दौरान धरना और प्रदर्शन किया जायेगा।

### संसद के बजट सत्र में 9 मार्च से स्पीकर को हटाने के नोटिस पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली ।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत 9 मार्च से होने जा रही है। इस दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा दिए गए पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान ओम बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सदस्यों के बीच बैठेंगे। दरअसल, संविधान और लोकसभा के नियमों के मुताबिक, जब अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर सदन में विचार किया जाता है, तो संबंधित अध्यक्ष कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते हैं। इस प्रस्ताव के जरिए विपक्ष ने बिरला पर सदन की कार्यवाही के दौरान खुलकर भेदभाव करने का आरोप लगाया है।

### असम में कांग्रेस के तीन विधायक भाजपा में शामिल

**डिसपुर ।** असम में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस को बड़ा करारा झटका लगा है। दरअसल कांग्रेस के तीन मौजूदा विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ, शशिकांत दास और बसंत दास ने गुरुवार को सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। इन नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर कांग्रेस के पूर्व संयुक्त सचिव पीबी कलिता और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव कनकन नाथ भी भाजपा में शामिल हुए।

# सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ आपातआतो नेमरा रे 'बाहा पो़रो़ब' ताकए सेलेत् एना

## जाहेर थान रेय पुजा़ पाठ केदा



खोबोरिया

**रामगढ़ ।** झारखंड रेन सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ लुखीवार हिलो़क् आच् घारो़ंज रेन सांवते आपातआतो नेमरा रे ओरामेन पारंपरिक बाहा पो़रो़ब रेय सेलेत् एना। नोआ ओ़पसो़र रे उनी दो़ आतोहो़ड़ सालाक् नेमरा आतो रे मेनाक् जाहेर थान सेटेरकाते पारंपरिक विधि विधान सालाक्ए पुजा़ पाठ केदा आर पोनोतवा़सीकोवाक् सुख, समृद्धि, कुसी आर लाहान्ती ला़गित्ए कोयनेहोंर केदा। परंपरा लेकाते, पुजा़ई का़मी दो़ आतो रेन नाइके बाबा पाहन चैतन टुडू आर कुडा़म नाइके बाबा उपपाहन छोटू बेसरा ता़किनकिन पुजा़ सा़त केदा। सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ आतोहो़ड़ सालाक् आयाक् ओड़ाक् खो़न ताड़ाम इदीय तुलुच् बाहा पुजा़ ठांव जाहेर थान रेय सेटेरेना। जाव बो़छो़र लेका गे निया़ धाव हों सिरा़मंत्री दो़ बाहा पो़रो़ब रे सेलेदो़क् आपातआतो नेमरा तेय सेटेर एना। हो़ड़को आ़डी कुसीको आटकार केदा। पारंपरिक संस्कृतिक लेकाते आतो हो़ड़ ढोल टामाक आर तुडदाक् रूई तुलुच् सिरा़मंत्री सालाक् जाहेर थान ह़ाबिच्को सेटेर एना। नोआ ओ़कते सिरा़मंत्री हों खुद तुडदाक् रू काते आतोहो़ड़ कुसी रा़सका़ ओचो केत्कोआ। ताहेंकान हो़ड़ दो़ सिरा़मंत्री कुसी सालाक्को आताङ दाराम केदेया।

**घारो़ंज रेन सालाक्ए सेटेरेना सिरा़मंत्री**

सिरा़मंत्री हेमंत सोरेन दो़ आच् रेन ओड़ाक् हो़ड़ आर विधायक कल्पना सोरेन घालो़क् घारो़ंज रेनको सांवते बार दिन ला़गित् नेमरा तेय सेटेर आकाना। उनीय हिजुक् काथा बाडाय सांवते गे इना़ सोर खो़न आयमा हो़ड़ आतो रेको हेच् एना आरको ञापाम एना। सिरा़मंत्री हों ओनको सांवतेय गालमाराव एना आर मुसकिलाक्ए आंजो़म केत्ताकोआ। नोआ ताक रे सिरा़मंत्री दो़ जो़तो़को बाहा पो़रो़ब रेयाक् जोहार, बोंगेआसे एमात्कोआ।

### फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री ने की बैठक

# सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक स्वस्थ ग्रह हमारी साझा प्राथमिकता है। हमें खुशी है कि इस वर्ष हम फिनलैंड के साथ मिलकर भारत में विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच की मेजबानी करेंगे। इससे हमारे सतत विकास प्रयासों को नई गति और नए विचार मिलेंगे। भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम इस बात पर एकमत हैं कि केवल सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्ष के शीघ्र अंत और शांति के लिए हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि बढ़ती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार न केवल आवश्यक है, बल्कि अत्यावश्यक भी है, और आतंकवाद को उसके सभी रूपों में समाप्त करना हमारी साझा प्रतिबद्धता है।

# कहीं भी नमाज करना धार्मिक अधिकार नहीं : बॉम्बे हाईकोर्ट

एजेंसी

**मुंबई ।** मुंबई एयरपोर्ट के पास नमाज पढ़ने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सुरक्षा का मुद्दा धार्मिक परंपराओं से ऊपर है।अदालत ने एयरपोर्ट के पास नमाज अदा करने के लिए अस्थायी जगह की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। टैक्सी और ऑटो-रिक्शा चालकों ने रमजान के दौरान एयरपोर्ट के पास नमाज अदा करने की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि रमजान इस्लाम का एक अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अनुयायी किसी भी स्थान पर नमाज पढ़ने के धार्मिक अधिकार का दावा कर सकते हैं। खासकर एयरपोर्ट जैसी जगह पर, जहां सुरक्षा जोखिम बहुत ज्यादा होता है, वहां ऐसी अनुमति नहीं दी जा सकती।



यह याचिका टैक्सी-रिक्शा ओला-उबर मेन्स यूनियन द्वारा दायर की गई थी। उनकी दलील थी कि मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक अस्थायी शेड था, जहां वे पहले नमाज पढ़ते थे, जिसे पिछले साल अधिकारियों ने हटा दिया था। रमजान के पवित्र महीने को देखते हुए उन्हें या तो वही जगह वापस दी जाए या पास में ही कोई दूसरी जगह आवंटित की जाए।

# पाकुड़ : होली के दिन युवक की चाकू से गोद कर हत्या

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**पाकुड़ ।** बुधवार को पाकुड़ में होली का त्योहार उस समय फीका पड़ गया जब एक व्यक्ति को चाकू मार कर निर्मम हत्या कर दिया गया। चर्चा के अनुसार एक लेनदेन के पुराने मामले में दोपहर नगर थाना क्षेत्र के तलवाडांगा स्थित नंदीपाड़ा में 44 वर्षीय देवराज सरकार उर्फ निमुवा की कई राउंड चाकू मारकर उसके शरीर लहू लुहान कर दिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, देवराज घर से चाय पीने के लिए बाहर निकले ही थे कि पहले से घात लगाए बैठे 8 से 10 हमलावरों ने उन्हें घेर कर बिना कुछ कहे सुने ताबड़तोड़ चाकू से वार किया। उनकी पीठ पर तीन और सीने पर दो गहरे घाव पाए गए। हमले के बाद देवराज घायल होकर जमीन पर गिर पड़े।परिजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया। अत्यधिक रक्तस्राव के कारण डॉ मनीष कुमार के अथक प्रयास के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका।मृतक के पिता मेघनाथ सरकार ने बताया कि हमलावरों की संख्या 8 से 10 के बीच थी। उनके पिता ने थाने में आवेदन देकर कुछ नाम का उल्लेख किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देवराज का कुछ लोगों से रुपयों के लेन-देन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। पहले भी झड़प और कहासुनी हो चुकी थी। किंतु इस तरह की प्लानिंग किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था।सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की माने तो अनुसंधान के बाद ही गुनाह में शामिल एक-एक आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।



# राज्य के 13 जिलों में 9 मार्च से मौसम लेगा करवट

## संताल से कोल्हान तक हो सकती है बारिश, वज्रपात

संवाददाता

**रांची ।** राज्य के 11 जिलों में 09 मार्च को बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार 07 से 10 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है। इस दौरान गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार 7 मार्च को पूर्वी सिंहभूम पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि 08 और 09 मार्च को 14 जिलों में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं 10 मार्च को राज्य के 13 जिलों में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है, जबकि 11 जिलों में गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। इन जिलों में कोडरमा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, गिरिडीह, दुमका, हजारीबाग, देवघर, जामताड़ा, बोकारो और धनबाद शामिल हैं। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 36.4 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला जिले में 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और मध्यम दर्जे की हवा चली। इससे दिन में धूप में काम तपिश महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 15.2 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 35.1 और न्यूनतम 17.6 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 35.2 और न्यूनतम 15. 3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम 15.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में हुई अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक की शादी

एजेंसी

**मुंबई ।** भारत रत्न और मशहूर क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में गुरुवार को मुंबई में सानिया चंडोक के साथ हो गई। शादी समारोह के बाद फिल्म जगत के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन पत्नी जया बच्चन के साथ उपस्थित थे।



अर्जुन और सानिया की शादी से जुड़ीं रस्में पिछले कुछ दिनों से शुरू हो गई थीं। हल्दी सेरेमनी और मेहंदी सेरेमनी बड़ी धूमधाम से हुई थी। आज दोपहर में करीब 12.45 बजे अर्जुन-सानिया परिणय सूत्र में बंध गए। इस मौके पर सचिन तेंदुलकर और उनकी पत्नी अंजलि तेंदुलकर पास में खड़े थे। सचिन ने सिल्वर शेरवानी पहनी हुई थी, जबकि अंजलि ने गुलाबी साड़ी पहनी हुई थी। दोनों बहुत खुश लग रहे थे।

अर्जुन और सानिया ने एक-दूसरे को माला पहनाई। बाद में उन पर फूल बरसाए गए। इस शादी समारोह में खिलाड़ियों से लेकर नेताओं तक वर्ली के फाइव स्टार होटल में शामिल हुए। इस शादी की रस्मों में अजिंक्य रहाणे, अनिल कुंबले, अजीत अगरकर, सुप्रिया सुले, राज ठाकरे, सुनील गावस्कर, शंकर महादेवन, फरहान अख्तर, युवराज सिंह, शायना एनसी, ज़हीर खान, महेंद्र सिंह धोनी, आशीष नेहरा, श्रेयस अय्यर, इरफ़ान पठान, शाहरुख खान भी मौजूद थे। इस सेरेमनी में कई सेलिब्रिटीज़ ने कैमरे के सामने पोज़ दिए।

# बिहार-बंगाल सहित नौ राज्यों के राज्यपाल बदले

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया है। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को बंगाल की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

विनय कुमार सक्सेना दिल्ली से लद्दाख, तरनजीत सिंह संधू दिल्ली के उप राज्यपाल , शिव प्रताप शुक्ला हिमाचल प्रदेश से तेलंगाना

जिष्णु देव वर्मा तेलंगाना से महाराष्ट्र, नंद किशोर यादव नागालैंड, लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन बिहार, आर एन रवि तमिलनाडु से पश्चिम बंगाल, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर केरल से तमिलनाडु और कविंद्र गुप्ता लद्दाख से हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बनाकर भेजे गए

लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा भेज दिया है। फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है।बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था।

बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे।

# भारत चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में, इंग्लैंड को 7 रन से हराया

एजेंसी

**मुंबई ।** भारत ने चौथी बार टी-20 वर्ल्डकप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने गुरुवार को दूसरे सेमीफाइनल मैच में इंग्लैंड को 7 रन से हराया। टीम 2007, 2014, 2024 में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए। 254 रन चेज कर रही इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 246 रन ही बना सकी। जैकब बेथेल ने 48 बॉल पर 105 रन की पारी खेली। लेकिन, अपनी टीम को फाइनल में नहीं पहुंचा सके। भारतीय टीम की ओर से संजू सैमसन ने 89 रन की पारी खेली। जबकि शिवम दुबे ने 43 रन बनाए। ईशान किशन ने 39, हार्दिक पंड्या ने 27 और तिलक वर्मा ने 21 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड से विल जैक्स और आदिल रशीद ने 2-2 विकेट झटके। एक विकेट जोफ्रा आर्चर को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए। भारत ने टी-20 वर्ल्डकप में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बना लिया। टीम इंडिया का सबसे बड़ा स्कोर रिकॉर्ड 256 रन है। जोकि टीम ने इस वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर-8 मैच में बनाया था। ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में यह चौथा सबसे बड़ा स्कोर रहा। श्रीलंका के नाम टी-20 वर्ल्ड कप में हाईएस्ट टोटल का रिकॉर्ड हैं, टीम ने केन्या के खिलाफ 2007 में 260 रन बनाए थे।



# महिला दिवस पर आठ मार्च को महिलाओं के हाथों चलेगी मेमू ट्रेन

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को रांची रेल मंडल एक खास पहल करने जा रहा है। इस दिन रांची-इरगांव मेमू पैसेंजर ट्रेन का संचालन पूरी तरह महिला कर्मियों के हाथों में होगा। यह ट्रेन सुबह 8:55 बजे रांची रेलवे स्टेशन के लोहरदगा प्लेटफॉर्म से रवाना होगी। ट्रेन की लोको पायलट महिला होंगी, जबकि महिला गार्ड हरी झंडी दिखाकर इसे प्रस्थान कराएंगी। इस विशेष ट्रेन में करीब 15 महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। इनमें लोको पायलट, गार्ड और तीन महिला टीटीई शामिल होंगी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी रेल सुरक्षा बल की पांच महिला जवान संभालेंगी।इसके अलावा चिकित्सा विभाग, सफाई व्यवस्था और समपार फाटक संचालन की जिम्मेदारी भी महिला कर्मियों को दी गई है। ट्रेन में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों से फीडबैक भी लिया जाएगा, ताकि सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके। स्टेशन प्रबंधन, बुकिंग काउंटर, यांत्रिक विभाग, चिकित्सा सेवा, सफाई व्यवस्था और समपार फाटक तक का संचालन महिलाओं के हाथ में रहेगा। इस दिन स्टेशन प्रबंधक की जिम्मेदारी भी महिला अधिकारी संभालेंगी। लोहरदगा पुल में दरार आने के कारण इस रूट पर ट्रेनों का परिचालन फिलहाल प्रभावित है। पहले यह ट्रेन टोरी तक चलती थी, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए इसे इरगांव तक ही सीमित रखा गया है। रेल प्रशासन का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है।

# धान खरीद में आधा ही लक्ष्य पूरा, 25 दिन में 30 लाख क्विंटल जुटाने की चुनौती

**रांची।** राज्य में लगातार तीसरे वर्ष भी तय किये गये धान खरीद का लक्ष्य पूरा करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 60 लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य तय किया था, लेकिन पांच मार्च तक केवल 30 लाख 12 हजार 555 क्विंटल धान की ही खरीद हो सकी है। राज्य में धान खरीद की शुरुआत 15 दिसंबर 2025 से हुई थी। लक्ष्य का आधा हिस्सा ही अब तक पूरा हो पाया है, जबकि खरीद की अवधि समाप्त होने में करीब 25 दिन ही शेष बचे हैं। ऐसे में तय लक्ष्य तक पहुंचना सरकार के लिए बड़ी चुनौती माना जा रहा है।


## ट्रेनको रेयाक् बिड़ाउ तेंगोन

लातार रे ओ़लाकान ट्रेनको दो़ बिड़ाउ लेका रे ओना सांव जोड़ाव स्टेशनको रे नोडका लेका तेंगोनाः-

| ट्रेन नं. आर ञुतुम | स्टेशन | सो़मो़य टेवान: सेटेरो़क्‌अ | सो़मो़य टेवान: लाड़ाक्‌अ | ओका ता़रीक खो़न तेंगोन जावगे |
|---|---|---|---|---|
| 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी विवेक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | अभयपुरी | 09.30 | 09.32 | 07.03.2026 |
| 22503 कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ विवेक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | | 04.44 | 04.46 | 09.03.2026 |
| 15960 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | चाबुवा | 20.31 | 20.33 | 06.03.2026 |
| | कामपुर | 06.15 | 06.17 | 07.03.2026 |
| | सुरुपेटा | 10.35 | 10.37 | 07.03.2026 |
| | बिजनी | 11.10 | 11.12 | 07.03.2026 |
| 15959 हावड़ा-डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | चाबुवा | 03.06 | 03.08 | 09.03.2026 |
| | कामपुर | 17.00 | 17.02 | 08.03.2026 |
| | सुरुपेटा | 11.54 | 11.56 | 08.03.2026 |
| | बिजनी | 11.16 | 11.18 | 08.03.2026 |
| 15962 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | न्यू मिसामारी | 07.24 | 07.26 | 06.03.2026 |
| 15961 हावड़ा-डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | | 15.02 | 15.04 | 07.03.2026 |
| 15630 सिलघाट टाउन-तांबरम नगांव एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | बिजनी | 17.10 | 17.12 | 06.03.2026 |
| 15629 तांबरम-सिलघाट टाउन नगांव एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 09.03.2026) | | 17.58 | 18.00 | 11.03.2026 |
| 12504 अगरतला-एसएमवीटी बेंगलुरु हमसफर एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | पाथारकंडी | 08.38 | 08.40 | 07.03.2026 |
| | चंद्रनाथपुर | 10.27 | 10.29 | 07.03.2026 |
| 12503 एसएमवीटी बेंगलुरु-अगरतला हमसफर एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | पाथारकंडी | 22.22 | 22.24 | 08.03.2026 |
| | चंद्रनाथपुर | 19.55 | 19.57 | 08.03.2026 |
| 13125 कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | चापर | 01.24 | 01.26 | 08.03.2026 |
| 13126 सायरंग-कोलकाता एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | | 22.50 | 22.52 | 06.03.2026 |
| 22502 न्यू तिनसुकिया-एसएमवीटी बेंगलुरु एसएफ एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | होजाई | 02.12 | 02.14 | 07.03.2026 |
| 22501 एसएमवीटी बेंगलुरु-न्यू तिनसुकिया एसएफ एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 10.03.2026) | | 06.26 | 06.28 | 12.03.2026 |
| 12502 अगरतला-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 10.03.2026) | होजाई | 17.30 | 17.32 | 10.03.2026 |
| 12501 कोलकाता-अगरतला गरीब रथ एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 08.03.2026) | | 17.35 | 17.37 | 09.03.2026 |
| 15626 अगरतला-देवगढ़ एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | जागी रोड | 07.08 | 07.10 | 08.03.2026 |
| | सोरभोग | 11.15 | 11.17 | 08.03.2026 |
| 15625 देवगढ़-अगरतला एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 09.03.2026) | जागी रोड | 17.00 | 17.02 | 10.03.2026 |
| | सोरभोग | 11.45 | 11.47 | 10.03.2026 |
| 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | कोकराझार | 16.00 | 16.02 | 06.03.2026 |
| 12345 हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | | 04.38 | 04.40 | 07.03.2026 |
| 22512 कामाख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कर्मभूमि एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | कोकराझार | 21.10 | 21.12 | 07.03.2026 |
| 22511 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 10.03.2026) | | 10.30 | 10.32 | 12.03.2026 |
| 13175 सियालदह-सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | माहुर | 09.02 | 09.04 | 08.03.2026 |
| 13176 सिलचर-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | | 15.32 | 15.34 | 06.03.2026 |
| 13173 सियालदह-सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 06.03.2026) | पाथारकंडी | 13.25 | 13.27 | 07.03.2026 |
| | माईबांग | 08.08 | 08.10 | 07.03.2026 |
| 13174 सबरूम-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | पाथारकंडी | 11.35 | 11.37 | 07.03.2026 |
| | माईबांग | 16.20 | 16.22 | 07.03.2026 |
| 20501 अगरतला-आनंदविहार टर्मिनल तेजस राजधानी एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 09.03.2026) | माईबांग | 22.55 | 22.57 | 09.03.2026 |
| 20502 आनंदविहार टर्मिनल-अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 11.03.2026) | | 07.40 | 07.42 | 13.03.2026 |
| 15926 डिब्रूगढ़-देवघर एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 11.03.2026) | न्यू मिसामारी | 07.23 | 07.25 | 11.03.2026 |
| | माजबाट | 07.40 | 07.42 | 11.03.2026 |
| 15925 देवघर-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 12.03.2026) | न्यू मिसामारी | 15.10 | 15.12 | 13.03.2026 |
| | माजबाट | 14.23 | 14.25 | 13.03.2026 |
| 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | तिहु | 17.53 | 17.55 | 07.03.2026 |
| | पाठशाला | 18.03 | 18.05 | 07.03.2026 |
| 15657 दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल (सांगार एहो़बो़क् रेयाक् प्रभावी ता़रीक 07.03.2026) | तिहु | 10.08 | 10.10 | 09.03.2026 |
| | पाठशाला | 09.56 | 09.58 | 09.03.2026 |

नोवाको ट्रेन रेयाक् सो़मो़यटेवान आर एटाक्‌आक् जो़तो़ स्टेशनको रे दो़ एनका गे ताहेंना।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

पूर्व रेलवे

नो़ंडे पांजालेपे @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# झारखंड के 48 निकायों में डिप्टी मेयर-उपाध्यक्ष के चुनाव की सरगर्मी तेज

## राज्य निर्वाचन आयोग आज जारी करेगा अधिसूचना

संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** झारखंड के 48 नगर निकायों में मेयर, अध्यक्ष और वार्ड पार्षदों के चुनाव के बाद अब डिप्टी मेयर और उपाध्यक्ष पद के लिए सियासी गतिविधियां तेज हो गई हैं। नौ नगर निगमों में डिप्टी मेयर और 39 नगर परिषद व नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष का चुनाव होना है। इन पदों के लिए पार्षदों के बीच जोड़-तोड़ और लॉबिंग का दौर शुरू हो चुका है। राज्य निर्वाचन आयोग ने इन अप्रत्यक्ष चुनावों की प्रक्रिया का शेड्यूल तय कर दिया है। अधिसूचना छह मार्च को जारी होने की संभावना है, जबकि चुनाव प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होकर 20 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। आयोग का लक्ष्य है कि इस अवधि में सभी निकायों में नई नगर सरकारों को पूरी तरह सक्रिय कर दिया जाए। आयोग ने प्रमुख नगर निगमों में डिप्टी मेयर चुनाव की तिथियां तय कर दी हैं। मेदिनीनगर नगर निगम में 14 मार्च, मानगो नगर निगम में 17 मार्च, धनबाद नगर निगम में 18 मार्च और रांची नगर निगम में 19




मार्च को मतदान होगा। अन्य नगर परिषद और नगर पंचायतों में भी 11 से 19 मार्च के बीच चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।10 मार्च को गोड्डा जिले के महागामा नगर पंचायत में होगा चुनाव कार्यक्रम के अनुसार सबसे पहले 10 मार्च को गोड्डा जिले के महागामा नगर पंचायत में चुनाव होगा। इसके बाद 11 मार्च को झुमरीतिलैया और गोड्डा नगर परिषद में चुनाव कराया जाएगा। 13 मार्च को हजारीबाग और देवघर नगर निगम में डिप्टी मेयर का चुनाव होगा। वहीं 14 मार्च को मेदिनीनगर नगर निगम, लातेहार, गुमला, मधुपुर, चक्रधरपुर और चाईबासा में बैठक होगी। 17 मार्च को रामगढ़, लोहरदगा, सिमडेगा, गढ़वा, चास और मानगो समेत कई निकायों में चुनाव प्रस्तावित है। राजधानी रांची नगर निगम और बुंडू नगर पंचायत में 19 मार्च को बैठक होगी, जबकि दुमका नगर परिषद और बासुकीनाथ नगर पंचायत में 20 मार्च को चुनाव के साथ यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इसके साथ ही राज्य के सभी 48 नगर निकायों में नई नगर सरकारें पूरी तरह सक्रिय हो जाएंगी। पार्षदों में तेज हुई लॉबिंग, पार्टियां हुई सक्रिय इधर, होली के मौके पर आयोजित होली मिलन कार्यक्रमों के बहाने कई जगहों पर पार्षदों की बैठकें हुईं, जहां संभावित उम्मीदवारों को लेकर रणनीति और समर्थन जुटाने की कोशिशें की गईं। कई निकायों में धनबल और प्रभाव के इस्तेमाल की भी चर्चा है। राजधानी रांची में भाजपा, कांग्रेस और झामुमो के बीच इस पद को लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है।

भाजपा के पार्षदों ने होली मिलन कार्यक्रमों के दौरान संभावित उम्मीदवारों पर चर्चा की, जबकि कांग्रेस की ओर से अनुभवी महिला पार्षदों के नाम सामने आ रहे हैं। कई निकायों में निर्दलीय पार्षद और मेयर भी 'किंगमेकर' की भूमिका निभाने की कोशिश में हैं।

ऐसे में इन चुनावों को लेकर राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है।कुल निकाय- 48नगर निगम- 9 (डिप्टी मेयर का चुनाव)नगर परिषद/नगर पंचायत- 39 (उपाध्यक्ष का चुनाव)चुनाव अवधि- 10 मार्च - 20 मार्च प्रमुख नगर निगमों में चुनाव तिथि

मेदिनीनगर- 14 मार्च

मानगो- 17 मार्च

धनबाद- 18 मार्च

रांची- 19 मार्च

# भाजपा ने नीतीश कुमार का राजनीतिक करियर समाप्त कर दिया : विनोद पांडेय



**रांची।** बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरण को लेकर झामुमो ने भाजपा पर हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राजनीतिक करियर समाप्त कर दिया है।उन्होंने कहा कि यह बिहार की जनता के जनादेश का अपमान है। हालांकि बिहार में भाजपा की ओर से की गई साजिश को झारखंड में किसी भी हाल में सफल नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा के खिलाफ उनकी पार्टी की लड़ाई पहले भी थी और आगे भी जारी रहेगी।विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा सतर्क रही है। राज्य में भाजपा की किसी भी राजनीतिक चाल को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। बिहार में भाजपा की चाल, चरित्र और चेहरा एक बार फिर देश की जनता के सामने आ गया है।

# अलग अलग सड़क हादसों में 56 घायल, 7 की मौत, कई नाजुक

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** रांची में कई जगहों पर सड़क हादसों और अन्य दुर्घटनाओं ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। होली के दिन रि स इमरजेंसी में घायलों की भारी भीड़ जमा हो गई। होली पर कुल 56 घायलों को इलाज के लिए रि स लाया गया जिनमें से 7 लोगों की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। अभी 38 मरीजों का रि स में इलाज चल रहा है जिनमें से चार-पांच मरीजों की हालत नाजुक है। रिम्स की इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों की मानें तो अधिकांश मामले सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित हैं। होली के दिन शराब पीकर गाड़ी चलाना, तेज रफ्तार और लापरवाही इन हादसों के मुख्य कारण रहे। अलग-अलग इलाकों से घायलों को एंबुलेंस और निजी गाड़ियों के जरिए रि स के ट्रॉमा सेंटर और इमरजेंसी वार्ड में लाया गया है। इससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी देखी गई। राहत की बात यह कि अस्पताल प्रशासन ने पहले ही इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट पर रखा था।

# धान बेचने को 2.86 लाख से अधिक किसानों ने कराया था पंजीकरण

**रांची ।** इस वर्ष धान बेचने के लिए 2 लाख 86 हजार 982 किसानों ने पंजीकरण कराया है। राज्य सरकार की ओर से अब तक किसानों को धान खरीद के बदले 563 करोड़ 97 लाख 66 हजार 815 रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसमें 546 करोड़ 7 लाख 81 हजार 321 रुपये पहली किस्त के रूप में तथा 17 करोड़ 89 लाख 85 हजार 493 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिए गए हैं। सरकार इस वर्ष किसानों से 2450 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रही है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 50 रुपये अधिक है।

राज्यभर में धान खरीद के लिए 801 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। पिछले तीन वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि धान खरीद का लक्ष्य हासिल करना सरकार के लिए आसान नहीं रहा है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में सूखे और किसानों की कम भागीदारी के कारण खरीद लक्ष्य का मात्र 29 प्रतिशत ही पूरा हो पाया था।

# बुजुर्ग की टांगी से मारकर हत्या, आरोपित फरार

संताल एक्सप्रेस

**पलामू ।** रंगों और उमंग के पर्व होली के दिन पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के हीरा सिकनी गांव में खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब आपसी विवाद ने खूनी रूप ले लिया। गांव में जहां एक ओर लोग अबीर-गुलाल में सराबोर थे, वहीं दूसरी ओर 70 वर्षीय बुजुर्ग विश्वनाथ रजवार की टांगी से मारकर हत्या कर दी गई।मृतक की पहचान हीरा सिकनी निवासी विश्वनाथ रजवार (70) के रूप में हुई है। आरोप है कि गांव के ही उनके गोतिया कपिल रजवार (25 ) ने गुस्से और शराब के नशे में धुत होकर इस वारदात को अंजाम दिया। घटना बुधवार देर शाम की बताई जा रही है। गुरुवार सुबह शव का पोस्टमार्टम हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया।तू-तू मैं-मैं से शुरू हुआ विवाद, खून-खराबे में बदलाप्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। होली के दिन पहले से ही माहौल में शराब का असर था।इसी दौरान बात इतनी बढ़ गई कि कपिल रजवार ने टांगी उठा ली और विश्वनाथ रजवार पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।गांव में दहशत, पुलिस जांच में जुटी घटना की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। होली का उत्सव पलभर में सन्नाटे में बदल गया। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# धमाके से युवक की मौत, जन्म के कुछ घंटों बाद नवजात ने भी तोड़ा दम

**धनबाद।** टुंडी थाना क्षेत्र में कुदरत ने ऐसा दर्दनाक मंजर लिख दिया कि पत्थर दिल भी पिघल जाए। जिस दिन एक घर में नवजात की किलकारियां गूंजनी थीं, उसी दिन वहां मातम छा गया। पिता की मौत के कुछ घंटों बाद ही नवजात बेटे ने भी दम तोड़ दिया, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई।सिंधवारीटांड निवासी 23 वर्षीय शंकर सोरेन होली के दिन बुधवार को बराकर नदी में मछली पकड़ने गया था। परिजनों के अनुसार वह इस उम्मीद में घर से निकला था कि लौटकर अपने होने वाले बच्चे का चेहरा देखेगा। लेकिन नदी में मछली पकड़ने के लिए किए जा रहे अवैध विस्फोट के दौरान वह लापता हो गया। आशंका है कि इसी धमाके की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।घटना के बाद एनडीआरएफ की टीम और स्थानीय गोताखोरों द्वारा बराकर नदी में उसकी तलाश शुरू की गई। इसी बीच अस्पताल में उसकी पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया। परिवार में जहां एक ओर उम्मीद की किरण जगी, वहीं कुछ ही घंटों बाद नवजात की भी मौत हो गई। गुरुवार को देवघर से आए गोताखोरों ने नदी से शंकर का शव बरामद किया। शव मिलते ही गांव में मातम छा गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि नदी में अवैध रूप से विस्फोटक का इस्तेमाल कर मछली पकड़ी जाती है और प्रशासन इस पर रोक लगाने में

# चार हजार करोड़ की जलापूर्ति योजना लंबित, जलसंकट को लेकर लोगों में चिंता बढ़ी

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** धनबाद में पेयजल आपूर्ति की तस्वीर चौंकाने वाली है। चार हजार करोड़ की बीते एक दशक से विभिन्न शहरी और ग्रामीण जलापूर्ति योजनाएं लंबित हैं। पाइपलाइन बिछी, जलमीनारें खड़ी हुईं, ट्रीटमेंट प्लांट बने, लेकिन बड़ी आबादी अब भी नियमित जलापूर्ति से वंचित है। कई इलाकों में नल तो लगे हैं, पर पानी नहीं पहुंचा।जिले में चल रही कई योजनाएं 70 से 85 प्रतिशत तक पूरी बताई जा रही हैं। लक्ष्य तिथि भी बीत चुकी है, फिर भी आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। कहीं इंटेक वेल अधूरा है, कहीं पंप हाउस का काम लंबित है तो कहीं बिजली कनेक्शन नहीं मिल पाया। परिणामस्वरूप, पूरी संरचना खड़ी होने के बावजूद जलापूर्ति ठप है।निरसा-गोविंदपुर मेगा योजना करीब 750 करोड़ रुपये की लागत से शुरू इस योजना का उद्देश्य सैकड़ों गांवों तक पानी पहुंचाना था। पाइपलाइन और टंकियों का निर्माण हुआ, लेकिन जल स्रोत से पानी उठाव और वितरण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। जिस कारण ग्रामीण आज भी पुराने जलस्रोतों पर निर्भर हैं।ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत ट्रीटमेंट प्लांट और जलमीनार बन चुके हैं। योजना तय समय में पूरी होनी थी, पर मोटर संचालन और ट्रायल रन में देरी के कारण दर्जनों गांवों में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी। बलियापुर में ट्रायल के बाद पानी शुरू हुई, लेकिन फिर से आपूर्ति बंद कर दी गई।इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से जवाबदेही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। एजेंसियों में बदलाव, तकनीकी खामियां और समन्वय की कमी को देरी का कारण बताया जा रहा है।इस संबंध में धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि जलापूर्ति की नगर निगम और पेयजल विभाग से चलने वाली योजनाएं सालों से लंबित है। जल जीवन मिशन के तहत चलने वाली योजनाओं में फंड की कमी की दिक्कत हो रही थी, लेकिन अभी कुछ फंड आया है। जल जीवन मिशन के तहत चलने वाली योजनाओं को पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। कुछ योजनाएं एनओसी के कारण लंबित रही। किसी में रेलवे ट्रैक तो किसी में एनएच जैसी समस्या खड़ी हो रही है। कई एनएच की चौड़ाई काफी कम है। अगर पाइप लाइन की एनओसी दे दी जाए, तो आधी सड़क कट जाएगी। इन कारणों से योजनाएं लंबित रही है। कुछ में वाटर एक्सट्रैक्शन की भी समस्याएं खड़ी हो रही। बायर एक्सट्रैक्शन के लिए डीवीसी से परमिशन नहीं मिला है। डीवीसी से परमिशन लेनी है। जलापूर्ति योजनाओं पर कार्य करने वाली एजेंसी का काम संतोषजनक नहीं रहा। गर्मी के पहले डीवीसी, निगम और सभी एजेंसी के साथ एक बैठक की जाएगी। कम बजट और कम मेहनत वाली जलापूर्ति योजनाओं को तत्काल शुरू करने की कोशिश की जाएगी। सिंगल विलेज स्कीम का सर्वे चल रहा है।डीसी ने साफ किया कि तकनीकी अड़चन, एनओसी और एजेंसियों की धीमी कार्यशैली के कारण योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो सकीं। हालांकि प्रशासन अब गर्मी से पहले कुछ योजनाएं चालू करने की बात कह रहा है।वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि जलापूर्ति योजना के अधूरी रहने से उन्हें पानी खरीदकर इस्तेमाल करना पड़ रहा है। हर साल गर्मी में यही हाल होता है और इस बार भी राहत की उ मीद कम ही दिख रही है।सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो कि मने तो जलापूर्ति योजनाओं को पूरा करने वाली एजेंसी कार्य के प्रति कभी समर्पित नहीं रही है। काम को सिर्फ लीपापोती करने के चक्कर में लगे रहते हैं। ऐसी एजेंसियों को ब्लैक लिस्ट करने की जरूरत है। विधायक ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक लापरवाह एजेंसियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक योजनाएं समय पर पूरी नहीं होंगी।जिले में जलापूर्ति योजनाओं पर भारी राशि खर्च होने के बावजूद जनता को राहत नहीं मिल पा रही है। प्रशासन तकनीकी और प्रक्रियात्मक अड़चनों का हवाला दे रहा है, जबकि आम लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि गर्मी से पहले कितनी योजनाएं धरातल पर उतर पाती हैं और धनबाद की प्यास कब बुझती है।

# होली में डीजे बजाने के विवाद में धनसार में फायरिंग, दो युवकों को लगी गोली

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया फुटबॉल ग्राउंड में बुधवार को होली का जश्न मनाने के दौरान अचानक हुई फायरिंग की घटना से इलाके में अफरातफरी मच गई। घटना के संबंध में बताया गया कि डीजे बजाने एवं पैसे के विवाद में फायरिंग की घटना हुई। फायरिंग की घटना में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। विष्णु कुमार के पैर में गोली लगी, जबकि पुष्पक के पेट में गोली लगी है।बरमसिया त्रिमूर्ति सदन के पास रहने वाले घायल विष्णु कुमार ने बताया कि वह ठेकेदार विकास लाला के लिए पेटी कॉन्ट्रैक्टर के रूप में काम करता था। गोधरा में एक अस्पताल निर्माण के दौरान उस पर करीब 2.5 लाख रुपये बकाया था, इसी पैसे की मांग को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद विकास लाला और उसके साथियों ने फायरिंग कर दी। विष्णु के पैर में गोली लगी, जबकि उसके दोस्त पुष्पक मिश्रा के पेट में गोली लगी है।घायल पुष्पक मिश्रा ने बताया कि होली के जश्न के लिए लोग फुटबॉल ग्राउंड में जमा थे, इसी दौरान मारपीट और फायरिंग हुई। उसने आरोप लगाया कि विकास लाला ने गोली चलाई। पुष्पक ने बताया कि वह अपने दादा के घर बरमसिया शनि मंदिर में उनकी तेरहवीं में शामिल होने आया था, वह दिल्ली में पढ़ाई करता है।इस मामले की तहकीकात की जा रहीं हैं।

# पलामू में सिगरेट नहीं देने पर फूंक दी दुकान, लाखों का नुकसान

संताल एक्सप्रेस

**पलामू।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव के निराला टोला में सिगरेट नहीं देने पर एक किराना जेनरल स्टोर फूंक दी गई। दुकान के आइटम सहित शादी के लिए खरीद कर रखे गए सामान जलकर राख हो गए।घटना बुधवार देर रात की है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाया। इस संबंध में पुलिस को आवेदन देकर दुकान में आग लगा देने का आरोप लगाया गया है।जानकारी के अनुसार आग राजेश कुमार गुप्ता की दुकान सह मकान में लगी। राजेश ने गुरुवार को बताया कि बुधवार देर रात चार लड़के सिगरेट लेने के लिए दुकान में पहुंचे थे। शटर जोर-जोर से पीट रहे थे। बाहर निकले तो बगल के टोले के रितिक सिंह छोटू सिंह एवं अन्य ने सिगरेट मांगते हुए गाली गलौज की और मारपीट करने के लिए कॉलर पकड़ लिया। बताया गया कि सिगरेट खत्म हो गया है।चारों युवक गुस्से में वहां से निकले और जाने के क्रम में धमकी दी की देख लेंगे। इसके कुछ देर बाद दुकान में आग लग गई। तत्काल इसकी सूचना सदर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंचे और सभी की मदद से आग पर काबू पाया।ताकि ऐसी घटना किसी के साथ ना हो सके।

# इलाज के दौरान कोलकर्मी की मौत धरना के बाद पुत्र को मिला नियोजन




**धनबाद।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के एएमपी कोलियरी में कार्यरत ट्रीपमैन ज्योति लाल हेम्ब्रम (54) के पुत्र को अनुकंपा पर बीसीसीएल में नियोजन दिया गया। ज्योति लाल की मौत सोमवार की देर रात धनबाद के जालान अस्पताल में इलाज के दौरान हो गयी। 27 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान कर्मी की अचानक तबीयत बिगड़ने पर धनबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वह दो महीने से इलाजरत था। कर्मी बरोरा थाना क्षेत्र के सिंदवारटांड का निवासी था। उसका एक पुत्र एवं एक पुत्री है। कर्मी का शव लेकर उनके परिजन जीएम कार्यालय पहुंचे। आश्रित पुत्र को नियोजन व मुआवजा की मांग को लेकर दिनभर पर धरना पर बैठे रहे। यूनियन नेताओं द्वारा हो हंगामा करने पर देर शाम धनबाद सासंद ढुलू महतो एवं विधायक शत्रुधन महतो मामले पर हस्तक्षेप किया। उनकी अनुशंसा पर एजीएम काजल सरकार , पीओ टीएस चौहान एवं एपीएम अभिराज शेखर के साथ यूनियन प्रतिनिधियों की वार्ता हुई। जिसमें मृतक की पत्नी सोनामती देवी की सहमति पर मृतक कर्मी के पुत्र शिव नारायण हेम्ब्रम को तत्काल प्रोविजनल नियुक्ति पत्र दिया गया। इसके अलावा अन्य राशि का भुगतान नियमानुसार करने का आश्वासन दिया गया। नियुक्ति पत्र मिलने के बाद परिजन शव को उठाकर दाह संस्कार के लिए घर ले गया।मौके पर जेके झा, संतोष गोराई, उमाकांत राय, नवल किशोर महतो, तेजबहादुर सिंह, एचएन गांधी, नर्मदेश्वर पांडेय, संत कुमार चौहान, संजय चौबे, मो. मंसूर आलम, राजीव प्रसाद, अमरेन्द्र कुमार आदि मौजूद थे।

# बेहराकुदर में दो पक्षो की मारपीट

संताल एक्सप्रेस

**धनबाद।** बरोरा के बेहराकुदार में आपसी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हुई। इसमें बमबाजी भी हुई। एक पक्ष के लोगों ने बेहराकुदर निवासी प्रभास सिंह को निशाना बनाते हुए उसके घर पर बम फेका।बम विस्फोट होने से प्रभास सिंह एंव उनके परिवार बाल- बाल बच गये। बम के छर्रे से दो लोग आंशिक रूप से घायल भी हुए हैं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। सुचना मिलने पर बरोरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू किया।

पुलिस ने घटना स्थल से बम का अवशेष एवं एक बाइक बरामद किया है।

घटना सोशल मीडिया में वायरल हो गयी। हमलावर पांच छह की संख्या हरवे हथियार के साथ प्रभास सिंह के पास आया था। मारपीट गाली गलौज के बाद बम विस्फोट किया गया।

जिससे गांव में अफरा तफरी मच गया। घटना को लेकर प्रभास सिंह ने शुभम सिंह, तुसार सिंह, करण सिंह , बंटी सिंह एवं अन्य के खिलाफ जान मारने की नियत से हमला करने एवं बम विस्फोट करने तथा सोने की चेन छीनने का आरोप लगाते हुए बरोरा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। प्रभास सिंह का कहना है कि शुभम सिंह बेहराकुदर का ही रहने वाला है। आपस में गोतिया का रिश्ता है। वह मनबढ़ू प्रवृत्ति का है। अपना दबदबा कायम करने के लिए अक्सर लड़ाई झगड़ा करते रहता है।

आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बड़ी संख्या में गांव के लोग बरोरा थाना पहुंचे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। आरोपी घटना के बाद फरार हो गया।

# गिरिडीह के त्रिवेणी संगम में डूबे दो बच्चों की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के जमुआ - देवरी इलाके की मध्य सीमा पर बुधवार को गोदावरी त्रिवेणी संगम तालाब में पानी में डूब जाने से दो किशोर की मौत हो गयी। दोनों किशोर देवरी थाना क्षेत्र के चतरो बाजार के रहने वाले थे । खोरी महुआ एसडीपीओ राजेन्द्र प्रसाद ने डूबने से दो बच्चों की मौत की पुष्टि की है।मिली जानकारी के अनुसार चतरो गांव निवासी संजय साव का पुत्र करण कुमार और पुरनीगड़िया गांव के कृष्णा विश्वकर्मा के पुत्र दीपक कुमार चतरो बाजार में होली खेलने के बाद अपने दोस्तों के साथ स्नान के लिए त्रिवेणी संगम गए थे। जहां पर स्नान के क्रम में दोनों गहरे पानी मे डूब गए । बच्चों के नदी में डूबने की सूचना के बाद स्थानीय लोग नदी में उतरे और खोजबीन करने में जुट गए ।

# चालक ने विवाद के बाद फल दुकानदार को कार से घसीटा, गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद के केंदुआ मोड़ में गुरुवार को एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई, जहां मामूली विवाद के बाद एक फल दुकानदार को कार से करीब 100 मीटर तक घसीट दिया गया। इस घटना में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका सिर फट गया।घटना केंदुआ मोड़ स्थित बिहारी लाल चौधरी के सामने की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, एक कार आकर फल दुकानदार के ठेले के सामने खड़ी हुई। कार में सवार एक व्यक्ति बाहर बियर की बोतल रखकर शराब पीने लगा। जब दुकानदार ने इसका विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। इसी दौरान आरोपित ने गाली-गलौज करते हुए दुकानदार को थप्पड़ मार दिया।बताया जा रहा है कि इसके बाद आरोपित ने कार का दरवाजा खोलकर दुकानदार को अंदर खींच लिया और तेज रफ्तार में गाड़ी भगा दी। दुकानदार करीब 100 मीटर तक घसीटता रहा और फिर चलती कार से सड़क पर गिर पड़ा। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायल दुकानदार को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद केंदुआ थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि कार चालक और वाहन अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मोरबासा में विधानसभा अध्यक्ष ने किया आजीविका संसाधन केंद्र का उद्घाटन



संताल एक्सप्रेस

**नाला( जामताड़ा)।** ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में नाला प्रखंड में एक नई पहल की शुरुआत हुई। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने भव्य समारोह के बीच 'आजीविका संसाधन केंद्र ' का विधिवत उद्घाटन किया। यह पहल झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।पारंपरिक स्वागत से हुआ अतिथियों का अभिनंदनकार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक तरीके से अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। बीआरपी लाइवलीहुड, आजीविका कृषक मित्र, पशु सखी, बैंक सखी दीदियों ने झारखंड की लोक परंपरा को दर्शाते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया। महिलाओं ने पलाश फूल, ताल और खजूर के पत्तों से बनाए गए हस्तनिर्मित गुलदस्ते और पारंपरिक टोपियां भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया, जिसकी कलात्मकता ने सभी को प्रभावित किया।महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का केंद्रकार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने बताया कि यह केंद्र केवल एक भवन नहीं बल्कि ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का महत्वपूर्ण मंच होगा।डीपीएम राहुल रंजन और अन्य जिला प्रबंधकों ने बताया कि इस केंद्र के माध्यम से महिलाओं को– आधुनिक खेती और उन्नत पशुपालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।वित्तीय समावेशन और बैंक लिंकेज की सुविधा मिलेगी।स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदमइस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि यह आजीविका संसाधन केंद्र नाला क्षेत्र की महिलाओं के सपनों को नई उड़ान देगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह पहल महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं सशक्त होंगी तभी समाज और राज्य का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष उज्ज्वल भट्टाचार्य ,प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू, उप प्रमुख समर माजि, मुखिया रानी सोरेन, मुखिया दिलीप टुडू ,राजू दास ,दयामय घोष, भास्कर घोष आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने केंद्र का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।कार्यक्रम के सफल आयोजन में राहुल रंजन, उत्तम कुमार, लाल बिहारी गुप्ता, बीपीएम गणेश महतो, सुभाष रविदास, इकबाल अहमद, शिशिर माजी, कृष्ण गोपाल पाल सहित कर्मचारी और सखी मंडल से जुड़ी दीदियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर 6 को होगी भूमि पूजन



**नाला (जामताड़ा)।** नाला नेताजी स्टेडियम में श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ तथा भागवत महायज्ञ को लेकर यज्ञ कमेटी की ओर से सभी प्रकार की तैयारी पूरी कर ली गई है। 6 मार्च को पूर्वाह्न 10:00 बजे से भूमि पूजन कार्यक्रम निर्धारित की गई है इस आशा की जानकारी उप प्रमुख समर माजी तथा यज्ञ कमेटी के व्यवस्थापक डॉ0 राधु मंडल ने देते हुए बताया कि 6 मार्च को स्थानीय पुरोहित सुशील भट्टाचार्य तथा अन्य पुरोहितों के सानिध्य में रूप से 9 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान श्री श्री 1008 लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम किया जाएगा। 7 उन्होंने यह भी बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो भी शिरकत करेंगे। मालूम हो कि 23 मार्च सोमवार सुबह 7 बजे कुरली नदी से कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस क्रम में 24 से 30 मार्च तक प्रातः 7 बजे से श्रीधाम वृंदावन की कथावाचिका श्री राधाकिशोरी जी के द्वारा भागवत पाठ किया जाएगा।वहीं 31 मार्च मंगलवार को स्वीटी कुमारी के द्वारा भागवत पाठ किया जाएगा तथा उसी रात 8 बजे से बादल पाल के द्वारा बाउल गान प्रस्तुत किया जाएगा। इस क्रम में 1 अप्रैल बुधवार को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी तथा संध्या 6 बजे स्वीटी कुमारी के द्वारा भागवत पाठ एवं कलकत्ता के मशहूर बाउल गायक रथिन किस्कू सम्प्रदाय के द्वारा बाउल गान प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने यज्ञ कमेटी की ओर से सभी आम जनों ,भक्त वृंदों को उक्त धार्मिक अनुष्ठान में उपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की।

## पांच शातिर अपराधी गिरफ्तार

**जामताड़ा।**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जामताड़ा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 22 फरवरी 2026 को नारायणपुर थाना क्षेत्र के धरमपुर मोड़ स्थित चाय दुकान के समीप फुरकान अंसारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या करने की सनसनीखेज घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी फायरिंग करते हुए फरार हो गए थे। इस मामले में नारायणपुर थाना कांड संख्या 20/2026 दर्ज कर विशेष जांच दल का गठन किया गया।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पांच आरोपियों में आसिफ अंसारी उर्फ लम्बु, हारुण अंसारी, इसराफिल अंसारी, समसुल अंसारी और सफाउल अंसारी–को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सभी ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की।पुलिस ने आरोपियों के पास से तीन देशी पिस्तौल कई जिंदा कारतूस, दो अपाचे व एक होंडा मोटरसाइकिल, दस मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त कपड़े बरामद किए हैं।

## सड़क किनारे नवजात शिशु का मिला शव

**महागामा ।** प्रखंड थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां शीतल रोड किनारे एक नवजात शिशु का शव बरामद होने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 10 बजे सड़क से गुजर रहे स्थानीय लोगों की नजर सड़क किनारे पड़े नवजात के शव पर पड़ी। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर लोगों के होश उड़ गए और देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। घटना के बाद पूरे इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।प्राथमिक रूप से यह आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने रात के अंधेरे का फायदा उठाकर नवजात शिशु को यहां लाकर फेंक दिया। सुबह जब लोग अपने दैनिक कार्य के लिए सड़क से गुजर रहे थे, तभी यह दर्दनाक दृश्य सामने आया। नवजात का शव मिलने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों से भी लोग मौके पर पहुंचने लगे।घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है साथ ही पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात को यहां किसने और किन परिस्थितियों में फेंका। महागामा में इस घटना के बाद लोगों में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द पहचान कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## उत्पाद टीम एवं पुलिस ने अवैध देशी शराब के विरुद्ध की छापेमारी

**मेहरमा ।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बाजितपुर, बुधासन एवं ईटहरी में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई की गई। जहां बिहार उत्पाद टीम एवं गोड्डा उत्पाद टीम के संयुक्त अभियान में करीब 2000 किलो अवैध महुआ जावा को नष्ट किया गया। इस संबंध में पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने संयुक्त रूप से संबंधित गांवों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से तैयार किया गया महुआ जावा बरामद किया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध आगे भी इस प्रकार के संयुक्त अभियान लगातार चलाए जाएंगे। वहीं स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे अवैध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें, ताकि क्षेत्र में कानून- व्यवस्था दुरुस्त रखी जा सके।

## दयानंद ने रेलवे इंजीनियर बनकर बढ़ाया विद्यालय का मान



**गोड्डा ।** नगर क्षेत्र के सरकंडा चौक स्थित जेपी मिशन स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र सदर प्रखंड के दलदली गांव निवासी दयानंद साह पिता स्व. भीम साह ने भारतीय रेलवे में सिविल इंजिनियर के पद पर योगदान कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। योगदान के उपरांत फिलहाल धनबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। दयानन्द ने बताया कि उसने करीब दस वर्ष तक जेपी होली मिशन स्कूल के होस्टल में रहकर पढ़ाई की है। उसे यहां पढ़ाई के साथ-साथ जिन्दगी जीने के सलीका भी सिखाया गया है। उसके साथ उसका भाई भी वहां अध्ययनरत थे। दोनों भाईयों को अभियंता बनने का मौका मिलाहै। इससे वे बहुत खुश नसीब हैं। स्कूल के पठन- पाठन के तौर तरीके के कारण ही उन्हें मुकाम मिला है। उनके सारे रिश्तेदार भाई-बहन आज भी इसी स्कूल के होस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं।इस बाबत प्राचार्य पंकज घोषाल ने कहा कि हृदय से प्रयास करता हूं कि हर तबके के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने का मौका दूं। पैसे वालों के बच्चे तो अपना हर एक संसाधन पैसे के बल पर जुटा लेंगे व आगे बढ़ जाएंगे पर ये जो बच्चा है ये लोग केवल अपने पढ़ाई के बल पर आगे बढ़ा है। इसके साथ-साथ कई बच्चे अभियंता, शिक्षक व डाक्टर बनकर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

## चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष ने वैवाहिक वर्षगांठ पर जरूरतमंदों के बीच किया भोजन वितरण



**मेहरमा ।** बाराहाट के समाजसेवी सह चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं सावित्री आतंरिक सेवा ट्रस्ट के मार्गदर्शक परमानंद केजरीवाल ने अपने 24वें वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर मानवता की मिसाल पेश करते हुए गरीब, जरूरतमंद एवं असहाय लोगों के बीच भोजन का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं उपस्थित रहकर लोगों को भोजन उपलब्ध कराया और उनका हालचाल भी जाना।इस मौके पर परमानंद केजरीवाल ने कहा कि वैवाहिक वर्षगांठ जैसे खुशी के अवसर को जरूरतमंदों के साथ साझा करना उन्हें विशेष संतोष देता है। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है और ऐसे अवसरों पर जरूरतमंदों की मदद करने से सच्ची खुशी मिलती है। गौरतलब हो कि विगत वर्ष कोरोना काल में गरीब, जरूरतमंद तथा असहाय लोगों के बीच में स्वास्थ्य के क्षेत्र में तथा राशन का भी वितरण किया गया था। वहीं सावित्री आतंरिक सेवा ट्रस्ट व चैंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्य, स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों ने उन्हें वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

## पिता ने की पुत्री के अपहरण की शिकायत, प्राथमिकी दर्ज

संताल एक्सप्रेस

**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र से लड़की के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है. मामले को लेकर लड़की के पिता के द्वारा दिये गये आवेदन पर राजमहल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है. लड़की के पिता ने राजमहल थाना में दिये आवेदन में कहा है कि तीन मार्च को मेरी पुत्री खेत में चर रही बकरी को वापस घर लाने के लिए खेत पर गई थी.जहां पूर्व से घात लगाकर बैठे राजमहल थाना क्षेत्र के दो नामजद युवकों ने चाकू का भय दिखाकर मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया. दोनों उसे लेकर कही चले गये है.मेरी पुत्री का जान का खतरा है. पिता ने अपनी पुत्री की बरामदगी को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है. पुलिस मामले को लेकर थाना कांड संख्या 70/26 के तहत् प्राथमिकी दर्ज कर लड़की की बरामदगी को लेकर छापेमारी शुरू कर दी है.

## एसपी आवास में मना धूमधाम से होली



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।**रंगो का त्योहार होली के साहिबगंज पुलिस परिवार की ओर से बुधवार को होली मिलन समारोह एवं गुरुवार को होली का आयोजन किया गया गया.समारोह में जिले के सभी एसडीपीओ, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी सहित पुलिस बल के अलावे नगर के गणमान्य व्यक्ति एवं पत्रकार शामिल हुए. पारंपरिक फगुआ गीत गाया गया और एक दुसरे को रंग, अबीर, गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी.एसपी आवास में होली मनाई गई.

## पिपरासोल लूटकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

**जामताड़ा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जामताड़ा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 8 जनवरी 2026 को ग्राम पिपरासोल में सीएसपी संचालक नारायण पंडित से पिस्तौल के बल पर 20 हजार रुपये और मोबाइल लूटने तथा विरोध करने पर फायरिंग करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। इस संबंध में करमाटांड थाना कांड संख्या 01/26, धारा 309(4) बीएनएस व 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है।पूर्व में गिरफ्तार नशीम अंसारी की स्वीकारोक्ति के आधार पर पुलिस ने अजमुल अंसारी उर्फ बलमा को 3 मार्च की सुबह गिरफ्तार किया। उसके पास से घटना के समय पहना गया काला जैकेट जब्त किया गया। वहीं सह-अभियुक्त आशिफ अंसारी उर्फ लम्बु को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है तथा घटना में प्रयुक्त पिस्तौल और नीले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है।करमाटांड थाना प्रभारी चंदन कुमार तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

## जामताड़ा में साइबर ठगी गिरोह पर प्रहार कुख्यात जमरूद्दीन का सहयोगी गिरफ्तार

**जामताड़ा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जामताड़ा से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुनि-सह-थाना प्रभारी राजेश मंडल के नेतृत्व में गठित टीम ने गोबिंदपुर-साहेबगंज मुख्य मार्ग स्थित पोसई मोड़ बस पड़ाव के पास छापेमारी कर फुरकान अंसारी (41 वर्ष), ग्राम मदनाडीह, थाना नारायणपुर को धर दबोचा।गिरफ्तार आरोपी कुख्यात साइबर अपराधी जमरूद्दीन अंसारी का मुख्य सहयोगी बताया जा रहा है। उसके पास से एक मोबाइल, तीन सिम कार्ड, एक एटीएम कार्ड, 43,800 रुपये नकद तथा एक स्कूटी बरामद की गई।पुलिस के अनुसार आरोपी निष्क्रिय बैंक खातों में रकम जमा कर एटीएम के जरिए निकासी कर कमीशन प्राप्त करता था। इस मामले में साइबर अपराध थाना कांड संख्या 14/26 के तहत बीएनएस 2023 एवं आईटी एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## जानुमडीह में संताल समाज ने मनाया बाहा पर्व



**नाला (जामताड़ा) ।** संथाल समाज का पारंपरिक पर्व बाहा पर्व नाला प्रखंड के जानुमडीह सहित विभिन्न जगहों में पारंपरिक रूप से संथाल समाज के द्वारा बाहा पर्व (होली) मनाई गई। इसके पूर्व आदिवासी समाज के लोगों ने जाहेरथान में पूजा अर्चना किया। गांव के पारंपरिक नाईकी बाबा के द्वारा पूजा अर्चना कर गांव की सुख शांति एवं मंगल कामना की प्रार्थना की। इसके बाद एक दूसरे को पलाश एवं सखुआ का फुल लगाकर त्यौहार का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी आदिवासी समाज के लोग ढोल नगाड़ा तथा महिलाओं ने विभिन्न वेशभूषा परिधान कर नृत्य गीत का प्रदर्शन किया ।संथाल समाज में बहा पर्व एक महत्वपूर्ण त्यौहार है।मौके पर वकिल हांसदा, सनातन हांसदा,महेश्वर मरांडी,जयश्वर हांसदा,मिठुन टुडू,शिवलाल टुडू,मिठुन मरांडी,नुनूलाल सोरेन, मुलिंद मरांडी,उद्देश्वर टुडू, सहित अन्य पदधारक तथा लोग मौजूद थे।

## साहिबगंज में होली पर तीन करोड़ रूपये की शराब और मटन बिके

संताल एक्सप्रेस

**साहिबगंज ।** होली को लेकर साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार को गुरुवार को जमकर शराब, चिकन एवं मटन का कारोबार हुआ.सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार दो दिनों में साहिबगंज जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 3 करोड रुपए का शराब व चिकन- मटन का कारोबार हुआ है. हालांकि होली के दिन शराब की दुकान बंद थी. लेकिन एक दिन पूर्व ही लोगों ने अपनी जरूरत के हिसाब से शराब की खरीदारी कर ली थी. साथ ही जिस दिन शराब की दुकान बंद थी उस दिन ब्लैक में शराब की बिक्री जिले में हुई है.

## ठाकुरपाड़ा में दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन



**नाला /जामताड़ा।** नाला प्रखंड के ठाकुरपाड़ा कालाझरिया मैदान में डीटीके क्लब के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक समापन हो गया। टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन जिला परिषद प्रतिनिधि अजय कुमार मंडल सहित अन्य अतिथियों ने किया।इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। आठ-आठ ओवर के इस मुकाबले के फाइनल में चिहुंटिया क्रिकेट टीम और शिव बालक क्लब आसनचुआं के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चिहुंटिया टीम ने निर्धारित आठ ओवर में 127 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शिव बालक क्लब आसनचुआं की टीम आठ ओवर में 101 रन ही बना सकी। इस प्रकार चिहुंटिया क्रिकेट टीम ने 26 रन से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

## दिव्यांग बच्चों के बीच होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन



**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज ।** स्थानीय दिव्यांग विद्यालय में कौशल्या ज्योति ट्रस्ट और हेल्पिंग हैंडस के द्वारा दिव्यांग बच्चों के बीच होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को होली की सामग्री रंग,गुलाल,पिचकारी, मुखौटा, मिष्ठान आदि सामग्री दिया गया.बच्चे होली के रंग में जमकर आनंद लिए. कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इन दिव्यांग बच्चों के बीच संस्थाओं के अलावे कई सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से बच्चों के बीच होली की सामग्री वितरित की गई और जमकर होली का आनंद लिया. बच्चों के चेहरों पर खुशियों के रंग थे.

## महागामा नपं अध्यक्ष प्रबोध सोरेन का वार्ड 13 में हुआ स्वागत



**महागामा ।** नगर पंचायत क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के तहत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रबोध सोरेन का वार्ड संख्या 13 स्थित मनियामोर पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। क्षेत्रवासियों ने फूल-माला पहनाकर एवं जोरदार स्वागत के साथ नव निर्वाचित अध्यक्ष के प्रति अपना विश्वास एवं समर्थन व्यक्त किया। इस दौरान प्रबोध सोरेन ने वार्ड संख्या 13 के नागरिकों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। स्थानीय लोगों ने सड़क, नाली, पेयजल, साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी कई समस्याओं को अध्यक्ष के समक्ष रखा। नगर अध्यक्ष ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी पहली जिम्मेदारी है।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्य निरंतर जारी रहेगा। अभी केवल उपाध्यक्ष का चुनाव होना शेष है, बाकी विकास कार्यों की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महागामा का विकास किसी भी परिस्थिति में रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत क्षेत्र में किसी भी गरीब, जरूरतमंद या आम नागरिक को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। सभी योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचाया जाएगा तथा हर वार्ड में समान रूप से विकास कार्य किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने नगर अध्यक्ष से बड़ी उम्मीद जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में वार्ड संख्या 13 सहित पूरे महागामा नगर पंचायत में तेजी से विकास होगा। मनियामोर में आयोजित यह कार्यक्रम जनविश्वास, संवाद और विकास के संकल्प का प्रतीक बनकर सामने आया।क्षेत्र में प्रबोध सोरेन के लगातार जनसंपर्क एवं समस्याओं के समाधान को लेकर जनता में सकारात्मक माहौल और नई उम्मीद देखी जा रही है। मौके पर वार्ड 13 के मोहल्लावासी एवं अन्य उपस्थित थे।

## होली मिलन एवं फगुआ के फुहार पत्रिका- विमोचन समारोह आयोजित



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** स्थानीय शांति नगर स्थित खबर संगम भवन में गोड्डा प्रेस क्लब, स्लिंगशॉट एसोसिएशन ऑफ गोड्डा एवं जननी सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रति वर्ष होली पर प्रकाशित होने वाली हास्य एवं व्यंग्य से भरी पत्रिका फगुआ के फुहार के सातवें संस्करण का भी विमोचन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा बैद्यनाथ उरांव तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो सहित अन्य गणमान्यों के हाथों पत्रिका का विमोचन हुआ। कार्यक्रम का संचालन जिला कला संस्कृति संयोजक सुरजीत झा ने तथा अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार संजीव झा ने की।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक होली गीत एवं जोगीरा से हुआ। जाने माने कवि सह गायक प्रकाश कुमार यादव एवं झारखंड दिव्यांग क्रिकेट संघ के महासचिव एवं प्रसिद्ध गायक मनीष सिंह का हारमोनियम पर संजय पंडित, नाल पर अखिल कुमार झा एवं करताल पर आशीष कश्यप ने संगत करते हुए खूब समा बांधा। दूसरे चरण में एक नई परंपरा का शुरुआत करते हुए गोबर गणेश के पद पर स्लिंग शॉट एसोसिएशन ऑफ गोड्डा के सचिव अखिल कुमार झा का जबकि सिलौठ प्रसाद के पद पर हॉकी गोड्डा के अध्यक्ष मनोज कुमार पप्पु का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया।

## महेशपुर में झूलनोत्सव के साथ मनी होली



**गोड्डा ।** बसंतराय प्रखंड के महेशपुर गांव में झूलनोत्सव के बीच होली पर्व मनाई गई। परंपरा के तहत सभी ग्रामीण घर से विष्णु भगवान को लाकर झूला पर झूलाया। इस दौरान ठाकुर जी का विधिवत पूजन किया गया। सभी ग्रामीणों ने बारी- बारी से ठाकुर जी के चरणों में गुलाल अर्पित कर कुशल क्षेत्र की कामना की। सभी ने होली खेलते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई दी। यहां प्रसाद, पान, शरबत आदि की सामूहिक व्यवस्था रहती है। गांव के प्रधान पुजारी हृषितोष झा का कहना है कि सेखड़वार के शिवगुरु द्वारा बनाये गये परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं। आज भी यह परंपरा कायम है। यह अपने आप में अनुठा कार्यक्रम है। इसका नतीजा है कि सभी ग्रामीण एक जगह एकत्रित होकर अबीर -गुलाल खेलते हैं। ठाकुर का प्रसाद ग्रहण करना अपना सौभाग्य समझते हैं।

होली पर सम्मानित हुए साहित्यकार व समाजसेवी

स्थानीय टीचर्स कालोनी में होली के अवसर पर आयोजित होली मिलन समारोह में झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी सह पंचायती राज पदाधिकारी, खूंटी डॉक्टर शिविर कुमार सिंह ने साहित्यकार व समाजसेवियों को पुस्तक व स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सेवा निवृत्त शिक्षक दिलीप कुमार झा, समाजसेवी नवीन कुमार, युवा नेता रजनीश, शिवा कश्यप, सोनू कुमार आदि के नाम शामिल थे। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ0 शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि होली जीवन में खुशियों का संदेश देती है। होली के साथ ही नववर्ष का आगाज होता है। हम नववर्ष का स्वागत रंग व गुलाल के साथ खुशियां मनाकर करते हैं। मौके पर राम सागर सिंह, राजेश सिंह पप्पू , दिनेश महतो, कदम कुमार सिंह, अनुज मुंडा, सीतल बस्की, सरोज कुमार झा, यशवंत कुमार, भूषण ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## 10 माह से मानदेय नहीं मिलने पर एवीडी कर्मियों की हड़ताल



**नाला (जामताड़ा)।**नाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एवीडी कर्मियों ने पिछले 10 महीनों से मानदेय भुगतान नहीं होने के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी है। कर्मियों का कहना है कि इतने लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है और परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।हड़ताल पर बैठे कर्मियों में गौतम भूइया, तपन कुमार पटर, वापी मंडल, रिजु साधु, जहीरूद्दीन अंसारी, हसीमुद्दीन अंसारी, प्रदीप चंद्र उदय और संतराम किस्कू सहित कई अन्य शामिल हैं। कर्मियों ने बताया कि बार-बार विभागीय अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी देने के बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया है, जिससे वे मजबूर होकर हड़ताल पर बैठने को विवश हुए हैं।कर्मियों की हड़ताल के कारण क्षेत्र में वैक्सीन वितरण और उससे संबंधित कार्यों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।इधर, इस संबंध में प्रोग्राम मैनेजर परवेज आलम ने बताया कि एवीडी कर्मियों के भुगतान से संबंधित फाइल कोषागार भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि अधिक कार्यभार के कारण भुगतान प्रक्रिया में देरी हुई है, लेकिन जल्द ही सभी कर्मियों का मानदेय भुगतान कर दिया जाएगा।वहीं एवीडी कर्मियों का कहना है कि जब तक उनका बकाया मानदेय नहीं मिलता, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी।

## महागामा में युवाओं ने मनाई होली



**महागामा ।** रंगों और खुशियों का प्रतीक हिंदुओं का महान पर्व होली इस वर्ष युवाओं द्वारा बेहद उत्साह और अनोखे अंदाज में मनाया गया। सुबह से ही पूरे नगर क्षेत्र में होली की धूम देखने को मिली। मोहल्लों, गलियों और चौक-चौराहों पर युवाओं की टोलियां रंग-गुलाल उड़ाते हुए एक-दूसरे को होली की बधाई देती नजर आईं। ढोल- नगाड़ों, डीजे की धुन और फगुआ गीतों के साथ पूरा इलाका रंगों और उल्लास से सराबोर हो गया।कई स्थानों पर युवाओं की टोली ने होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया, जहां लोगों ने मिलकर होली के पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया और एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं।

## हिंदू एकता दल द्वारा होली मिलन समारोह

**ठाकुरगंगटी ।** प्रखंड क्षेत्र के मानिकपुर पंचायत अंतर्गत मोपहाड़ी स्थित खरहरी माता मंदिर परिसर में हिंदू एकता दल के नवयुवकों ने मंगलवार को होली मिलन समारोह मनाया। समाजसेवी सह राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा और वैश्य पोद्दार महासभा के वरिष्ठ नेता अखंड भारत वैदिक पत्रकार महासंघ नई दिल्ली न्यास के राष्ट्रीय संरक्षक फूलचंद कुमार शामिल हुए और युवाओं के मनोबल को बढ़ाया। उन्होंने युवाओं को सही मार्गों के बारे में जानकारी दिया और शांति एवं सद्भाव पूर्ण वातावरण में भाईचारा को बरकरार रखते हुए होली मनाने की सलाह दिया। अबीर- गुलाल और ढोल- बाजे के साथ ठाकुरगंगटी और मेहरमा आदि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के सैकड़ो नवयुवक खरहरी माता मंदिर परिसर पहुंचे और माता से आशीर्वाद लिया। उसके बाद सभी नवयुवकों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया छोटे ने बड़ों से आशीर्वाद लिया और बड़ों ने छोटे को आशीर्वाद दिया। बराबरी के नवयुवकों एक दूसरे से हाथ मिलाकर गले से गले मिले ।

# नगर निगम चुनाव को लेकर चैंबर ने जिला प्रशासन व एसपी का जताया अभार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर नगर निगम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान चैंबर प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से देवघर के पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया। चैंबर की ओर से बताया गया कि शहर के नो एंट्री जोन में बाहर से आने वाली गाड़ियां गूगल मैप के सहारे मंदिर मार्ग में प्रवेश कर जाती थीं,जिससे बाजार क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी और श्रद्धालुओं व यात्रियों को काफी परेशानी होती थी। इस समस्या को चैंबर ने एसपी के समक्ष प्रमुखता से



रखा था। एसपी ने स्वयं स्थल का निरीक्षण कर गूगल कंपनी से संपर्क किया और संबंधित मार्गों को नो एंट्री रेड जोन में परिवर्तित कराया। इसके बाद ड्रोलिया रोड, अवंतिका गली, बुधरामसा गली, शिक्षा सभा से टावर चौक तक तथा आजाद चौक से मंदिर जाने वाले मार्ग सहित कई सड़कों पर वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके अलावा पुराना मीना बाजार बस स्टैंड के पास होने वाली चोरी-छिनतई की घटनाओं को देखते हुए वहां नया टीओपी भी स्थापित किया गया है। इस अवसर पर चैंबर प्रतिनिधियों ने अधिकारियों को मिठाई खिलाकर व अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। चैंबर अध्यक्ष रवि केसरी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

# डाबरग्राम पुलिस केंद्र में मना होली मिलन समारोह

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** होली के पावन अवसर पर देवघर के डाबरग्राम पुलिस केंद्र में गुरुवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी सौरभ ने पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के साथ रंगों का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। पूरे परिसर में उत्साह और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को होली की बधाई देते हुए कहा कि त्योहार समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देता है।इस



अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों ने भी मिलकर एक-दूसरे के साथ खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाया गया और सभी ने क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया। होली मिलन समारोह के माध्यम से पुलिस परिवार के बीच आपसी समन्वय और आत्मीयता की झलक भी देखने को मिली।

## रेलवे में कुलियों के समायोजन की मांग, इंटक नेताओं ने केंद्र पर लगाया उपेक्षा का आरोप

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड प्रदेश इंटक के प्रदेश सचिव अजय कुमार एवं देवघर जिला इंटक के जिला अध्यक्ष अनंत मिश्रा ने केंद्र सरकार से रेलवे में कार्यरत कुलियों को नियमित नौकरी में समायोजित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्षों से रेलवे स्टेशनों पर सेवा दे रहे कुली कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं, लेकिन उन्हें अब तक उचित अधिकार और सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। इंटक नेताओं ने मांग की कि कुलियों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए, दुर्घटना बीमा की सुविधा सुनिश्चित की जाए तथा स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। उनका कहना है कि कुली रेलवे व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा हैं और यात्रियों की सुविधा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कुलियों की मांगों पर ध्यान देने के बजाय उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक पहल नहीं की गई तो इंटक चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## पार्षद शैलेश चरण मिश्रा का सम्मान समारोह



**देवघर।** शहर के वार्ड नंबर 23 के पार्षद शैलेश चरण मिश्रा के सम्मान में गुरुवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंडा धर्म रक्षणी सभा के पूर्व अध्यक्ष और अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद दत्त द्वारी के आवास पर संपन्न हुआ। समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और युवाओं की टोली मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान पार्षद शैलेश चरण मिश्रा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विनोद दत्त द्वारी ने कहा कि पार्षद के रूप में समाज को साथ लेकर चलना सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है। उन्होंने पार्षद से अपेक्षा जताई कि वे देवघर के विकास के लिए नए आयाम स्थापित करें और ऐसे कार्यों को आगे बढ़ाएं, जिनसे शहर की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। कार्यक्रम में कैलाश पांडे, बुद्धि चरण मिश्रा, बबलू राज जजवाड़े, सागर झा, नवीन धन खवाड़े, चन्द्र शेखर खवाड़े, सागर मिश्र, गणेश मिश्र, बाबू सोना शृंगारी, सुभाष दत्त द्वारी सहित दर्जनों युवाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा और सभी ने पार्षद के बेहतर कार्यकाल की कामना की।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने मनाया रंगोत्सव



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की देवघर शाखा द्वारा देवघर सदर अस्पताल परिसर में रंगों के महापर्व होली को उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में अस्पताल के कर्मचारी एवं पदाधिकारी एकत्रित हुए और परस्पर अबीर-गुलाल लगाकर सामाजिक समरसता, एकता और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर आपसी सहयोग, संगठन की मजबूती और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। जिलाध्यक्ष मिश्र ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को सुदृढ़ करने का अवसर है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से जनस्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं समर्पित भाव से संचालित करने का आह्वान किया। सदर अस्पताल का वातावरण रंगों की खुशबू और हंसी-खुशी से सराबोर रहा। अंत में संघ की ओर से समस्त नागरिकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं तथा सुख-शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई।

## 12-13 अप्रैल को होगा भव्य श्याम ज्योत पाठ एवं निशान यात्रा का आयोजन

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर में कपिध्वज समाज कोरियासा के तत्वावधान में 12 एवं 13 अप्रैल को भव्य श्याम ज्योत पाठ एवं निशान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक कार्यक्रम बजरंगबली के पास स्थित कोरियासा से प्रारंभ होकर श्याम मंदिर देवघर तक निकाला जाएगा। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष तैयारी की जा रही है ताकि कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो सके। कार्यक्रम के पहले दिन 12 अप्रैल को संध्या 7ः00 बजे से हवन, निशान पूजा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। वहीं 13 अप्रैल को सुबह 8ः30 बजे से भव्य शोभा निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होकर श्याम मंदिर देवघर पहुंचेगी। कार्यक्रम के समापन पर निशान विसर्जन के साथ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# देवघर में सादगी और अपनापन के साथ मनी होली, एसपी सौरभ ने जवानों के संग खेला रंग

### ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के बीच पहुंचे एसपी, लगाया गुलाल और खिलाई मिठाई

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** होली के अवसर पर जिले में भाईचारे और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में एसपी सौरभ ने पुलिस कर्मियों के साथ सादगी और आत्मीयता के साथ होली मनाई।

एसपी सौरभ स्वयं विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट पर पहुंचे और वहां तैनात पुलिस कर्मियों से मिलकर उन्हें रंग गुलाल लगाया। इस दौरान उन्होंने जवानों को मिठाई भी खिलाई और होली की शुभकामनाएं दीं। अचानक अपने बीच एसपी को पाकर जवानों



के चेहरे पर भी खुशी साफ झलक रही थी।

एसपी ने कहा कि पर्व त्योहार समाज में आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। होली जैसे त्योहार पर भी कई पुलिस कर्मी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, इसलिए उनके साथ यह खुशी साझा करना जरूरी है। इस दौरान कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में अपनापन और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। पुलिस कर्मियों ने भी एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और त्योहार की खुशियां साझा कीं।

# सदर अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की संदिग्ध मौत

### परिजनों ने बताया करंट लगने से मौत, डॉक्टरों ने विषैले पदार्थ सेवन की जताई आशंका



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** सदर अस्पताल देवघर में इलाज के दौरान एक 42 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान शांति देवी के रूप में हुई है, जो जसीडीह थाना क्षेत्र के खसपेका गांव की निवासी थी। घटना के बाद अस्पताल परिसर में कुछ देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। बताया जाता है कि महिला की तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल पहुंचने पर परिजनों ने डॉक्टरों को बताया कि महिला को करंट लग गया था, जिसके कारण उसकी हालत गंभीर हो गई। इधर अस्पताल सूत्रों के अनुसार डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के दौरान आशंका जताई कि महिला ने संभवतः किसी विषैले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

इसी वजह से उसकी स्थिति बिगड़ी और इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद सदर अस्पताल के ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने इसकी सूचना बैद्यनाथ धाम ओपी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ पाएगा। इधर मृतका के पति ने पुलिस को दिए बयान में बताया है कि उनकी पत्नी की मौत करंट लगने से हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पेट्रोल पंप के पास टोटो और बुलेट की टक्कर, चालक की मौत




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** रिखिया थाना क्षेत्र के रिखिया-मोहनपुर मुख्य मार्ग पर बरसतीय पेट्रोल पंप के पास बुधवार को सड़क हादसे में टोटो चालक की मौत हो गई, जबकि बुलेट बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 45 वर्षीय प्रेम रजक के रूप में हुई है, जो रिखिया थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव का निवासी था। वहीं घायल युवक का नाम राजा कुमार यादव बताया गया है, जो उसी गांव का रहने वाला है। घायल युवक का इलाज देवघर सदर अस्पताल में चल रहा है। परिजनों ने बताया कि प्रेम रजक मोहनपुर से टोटो लेकर अपने घर रतनपुर लौट रहा था। इसी दौरान रिखिया-मोहनपुर मुख्य मार्ग पर बरसतीय पेट्रोल पंप के पास सामने से तेज गति से आ रही बुलेट बाइक ने टोटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि टोटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायल प्रेम रजक को आनन-फानन में देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बुलेट बाइक पर तीन युवक सवार थे और तेज गति से रिखिया से मोहनपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रिखिया पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बुलेट बाइक को जब्त कर थाना ले आई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। मामले को लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# युवा छात्र संगठन का होली मिलन समारोह देवघर महानगर व नगर कमेटी का गठन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** युवा छात्र संगठन द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन केंद्रीय महासचिव नयन राज की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में रंगों और आपसी सौहार्द के बीच संगठनात्मक मजबूती का संदेश दिया गया। इस अवसर पर देवघर महानगर और नगर कमेटी का विधिवत गठन भी किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से राहुल कुमार चौधरी को महानगर अध्यक्ष तथा राजकुमार शर्मा को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। केंद्रीय अध्यक्ष कुंदन शर्मा ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर संगठन में स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। कुंदन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि युवा छात्र संगठन एक सामाजिक एवं छात्र हितैषी संगठन है, जो बीते सात वर्षों से निरंतर समाज हित में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल छात्रों की समस्याओं का समाधान करना ही नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के हित में सकारात्मक पहल करना भी है। शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और युवाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्र में संगठन लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहा है। समारोह में उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर सुरज कुमार, राहुल कुमार, मनीष यादव, नीतीश कुमार, कुंदन कुमार, राकेश तिवारी, अमन कुमार, किशन कुमार, दीपक कापरी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## एसडीओ आवास पर अधिकारियों और पत्रकारों ने मिलकर खेली होली



**देवघर।** होली के अवसर पर एसडीओ आवास परिसर में रंगों का उत्सव सौहार्द और अपनत्व के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डीडीसी पीयूष सिन्हा,एसडीओ रवि कुमार ने अधिकारियों और पत्रकारों के साथ मिलकर होली खेली। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ, सीओ समेत कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और मिठाई खिलाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। एसडीओ आवास परिसर में आयोजित इस स्नेह मिलन में प्रशासनिक अधिकारियों और पत्रकारों के बीच आपसी सौहार्द और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। रंगों के इस पर्व पर सभी ने मिलकर खुशियां बांटी और होली के महत्व पर चर्चा करते हुए सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया।इस दौरान मौजूद पत्रकारों और अधिकारियों ने भी एक-दूसरे को होली की बधाई दी। पूरे कार्यक्रम में उत्साह, अपनापन और त्योहार की रंगीन झलक साफ दिखाई दी।

## श्री श्री 108 काल भैरव सह बहुरूपा माता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ 7 से 9 मार्च तक

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर की पावन धरती पर 7 से 9 मार्च 2026 तक श्री श्री 108 काल भैरव सह बहुरूपा माता प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक ऊर्जा और सनातन परंपरा से ओतप्रोत यह त्रिदिवसीय महोत्सव श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। कार्यक्रम की शुरुआत 7 मार्च (शनिवार) को मंगलमय कलश यात्रा के



साथ होगी, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। 8 मार्च (रविवार) को वैदिक पूजन एवं अधिवास का आयोजन किया जाएगा, जहां विद्वान आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई जाएगी। 9 मार्च (सोमवार) को पूर्णाहुति, संत सम्मेलन एवं महाप्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ का समापन होगा। इस अवसर पर संत-महात्माओं का सान्निध्य एवं प्रवचन श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा। कार्यक्रम में झारखंड की पहली किन्नर महामंडलेश्वर श्री श्री 108 स्वामी माता राजेश्वरी नंद गिरि महाराज (राज मोहरी) की गरिमामयी उपस्थिति विशेष आकर्षण रहेगी। आयोजन कर्ता अजीत सिंह छद्र ने बताया कि यह महायज्ञ धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश देगा।

देवघर स्थित मंगल मुखी धाम,वैद्य पोखर के समीप आयोजित इस महायज्ञ में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से सहभागिता की अपील की गई है। आयोजन समिति ने इसे ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया है। यह कार्यक्रम झारखंड की पहले किन्नर म हाम उलेश्वर/प्रदेश अध्यक्ष श्री श्री 1008 माता राजेश्वरी नंद गिरि का आश्रम मंगल मुखी धाम बंधा में बंधा पोखर के सामने होने जा रहा है।

पी एम विश्वकर्मा
सम्मान . सामर्थ्य . समृद्धि
सत्यमेव जयते
MSME
MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम

**प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ता़री रे उनुदुक्-सांवते-बेपार मेला**

आसो़ल हाहाड़ाक्आक्
आ़रीचा़ली तेयाक् का़मीहोरा

**नेवता**

**मा़हितः**
**09 मार्च खो़न 11 मार्च, 2026 (पे माहांकिया़)**
**उनुदुक् रेयाक् जो़सतेत्ः**

➢आपनार आरजाव आर हुना़र दो़ जा़सतीकायते उदुग।
➢होय दाड़ेयान गा़हकी आर किक्रिञ हो़ड़ सो़गे जोड़ाक्।
➢मार्केटिंग, पैकेजिंग आर ब्रांडिंग एमान रे तकनीकी सत्र।
➢बा़निज-बेपार रेन गा़खुड़िया़को आर कलाकारको सो़गे ञापामो़क् आर नेटवर्क बेनाव।
➢आपनार आरजाव जिनिस आर सेवाको चो़खो़य ला़गित् ते काथा दो़हो़य आर बातलाव ञाम।

मो़ने मेनाक् पी एम विश्वकर्मा पो़रहो़ ञाञामको दो़ सादा कागो़च रे नोवाको खो़बो़रको ओ़ल दाड़ेयाकआः पी एम विश्वकर्मा ट्रेड, पी एम विश्वर्मा लाभार्थी पंजीकरण संख्या, आरदासिया़वाक् ञुतुम, ठिका़ना, आधार नंबर, मोबाइल नंबर, ई-मेल आई डी, प्रदर्शनी रे उदुग जिनिसको रेयाक् बानाडाय एमान। दारखास सांव जोड़ाव कागो़चको सालाक् ते कार्यालय रे निज ते बाड्खान ई-मेल ते मा़हित 07.03.2026 हा़बिच्को जामा दाड़ेयाकआ। आरदासिया़ दो़ समिति होते तेको बाछावो़कआ।

**बानाडाय बाखरा जोगाजो़गपे –**
**श्री दीपक कुमार, सहायक निर्देशक, ग्रेड – I(मो0: 8335884408)**

**ठाँवः**
**यज्ञ मैदान, दुमका**

**लेकमान विश्वकार्म ट्रेडः**

1. बढ़ई 2. ला़उका़ बेक्नावको 3. अस्त्रकार 4. लोहार 5. धोबी 6. सुनार 7. कुलुप बेक्नावको 8. मूर्तिकार 9. कुम्हार 10. राजमिस्त्री 11. नाई 12. दर्जी 13. मोची 14. मालाकार 15. कुटा़सी आर खाण्डा-बाण्डा बेक्नावको 16. गुडिया आर खिलौना बेक्नावको 17. हाको झा़ली बेक्नावको 18.डा़लिच्/पा़टया़/कोवायार बेक्नावको/जो़नो़क् बेक्नावको

मा़ड़नी ते बो़लो़क्
ओक्रामिच्
भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
शाखा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम – विकास कार्यालय
कतरास रोड, मटकुरिया, धनबाद, फोनः 0326-2303769
ई-मेल : brdcdi-dhan@dcmsme.gov.in

CBC-25113/11/0154/2526

## होली में शिवगादी धाम में बाबा को चढ़ा गुलाल



**संताल एक्सप्रेस बरहेट ।** रंगों और खुशियों का महापर्व होली बरहेट प्रखंड में बुधवार को अत्यंत हर्षोल्लास, शांति और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हुआ. सुबह से ही समूचा क्षेत्र रंगों के सराबोर नजर आया. बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई होली के खुमार में डूबा दिखा.?शिवगादी धाम में बाबा गजेश्वर नाथ के संग लोगो ने होली खेली. प्रसिद्ध धार्मिक स्थल शिवगादी धाम में होली का विशेष आध्यात्मिक रंग देखने को मिला. शिवगादी प्रबंध समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने सबसे पहले बाबा गाजेश्वर नाथ महादेव के चरणों में गुलाल अर्पित कर रंगोत्सव की औपचारिक शुरुआत की. पूरा धाम परिसर हर-हर महादेव के जयकारों और पारंपरिक गीतों से गुंजायमान रहा.वही दुसरी ओर बरहेट थाना में भी होली की महफिल जमी. ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर त्योहार की खुशियां बांटी. इस दौरान पुलिस की मुस्तैदी ऐसी रही कि खुशी के माहौल में कहीं कोई खलल नहीं पड़ा.?युवाओं और बच्चों में दिखा गजब का क्रेज होली को लेकर बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया. जगह-जगह पारंपरिक फगुआ की तान सुनाई दे रही थी. बच्चे अपनी टोलियों के साथ पिचकारी और गुलाल लेकर सड़कों पर निकले.

## साहिबगंज में उत्साह और भाईचारा के बीच मनाया गया रंगों का त्योहार होली

संताल एक्सप्रेस



**साहिबगंज ।** रंगों एवं आपसी भाईचारा का त्योहार होली में पुरा साहिबगंज रंगो व अबीर गुलाल में सराबोर रहा.जहां लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर एवं एक दुसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं.साहिबगंज जिला मुख्यालय के हरेक गली, हर मोहल्ला और हरेक आयोजन स्थल पर लोग होली खेल रहे थे.और आपस में खुशियां बांटते दिखे.कई जगहो पर आयोजित सामूहिक होली के आयोजन ने इस बार रौनक को कई गुना बढ़ा दिया. कॉलोनियों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में लोगो की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली. बच्चे पिचकारी में रंग भर कर एक दुसरे पर रंग डालते नजर आए. तो युवाओं की टोली डीजे की धुन पर जमकर थिरकते दिखे. ढोल की थाप और फगुआ गीतों की गूंज से माहौल उत्सवमय हो उठा.नगर के कई मुहल्लो में आयोजित सामूहिक होली मिलन समारोह की खास बात यह रही कि यहां सिर्फ रंगों की मस्ती ही नहीं बल्कि आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का संदेश भी देखने को मिला. लोग पुराने मतभेद भुलाकर गले मिलते नजर आए. महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पारंपरिक होली गीतों पर समूह में झूमती दिखीं.वही राजमहल में गुरुवार को होली का माहौल देखने को मिला. आम लोग के साथ-साथ शहर के खास लोगों ने भी एक दूसरे के साथ होली खेल कर खुशियां मनाई. क्या बड़े क्या बच्चे सभी ने एक दुसरे को रंग,अबीर व गुलाल लगाकर होली खेली.


### पूर्व रेलवे

**ठिका सं.: एमसी-40-सी-बीकेवीएएन-एमेनिटिज-आरई, माहित 02.03.2026;** मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी फान्डाव बाखरा ई-ठिकाको नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् जुतुमः** ''150 ब्रेक वैनको रे समायोजन लेकमान गार्ड कुर्सीको आर एमान तेयाक् जारूड़ोक् सुबिताको बेबोसताय''। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 2,11,33,134। **बायना पायसाः** रु. 2,55,700। **ठिका कागोज रेयाक् गोनोमः** शून्य। **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 23.03.2026 हिलोक् तारासित्र 3.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट www.ireps.gov.in रे ञेल दाड़ेयाक्आ।

(ASN-381/2025-26)

ठिका खोबोर दो वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## साहिबगंज में होली मिलन समारोह



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज - रंगो का त्योहार होली के अवसर पर साहिबगंज जिला मुख्यालय के नार्थ कॉलोनी स्थित चंदन सिंह के आवासीय परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.समारोह का शुभारंभ कलाकारों ने शिव वंदना से की.उसके बाद एक से बढकर एक होली के गाने पर मौजूद पत्रकारों ने जम कर नृत्य किया.और एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं एक साथ मिष्ठान भोजन का लुफ्त उठाया.मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश निर्मल,चंदन सिंह, अरविंद ठाकुर,शिव शंकर निराला, सुनील ठाकुर,सुधाकर,पंकज वर्मा,अमित सिंह, उज्जवल सिंह,अरविंद कुमार,आलोक कुमार, तौकीर राज,दीपक केशरी,गोपाल श्रीवास्तव, नवीन कुमार,रंजन कुमार, प्रवीण कुमार,देव आर्यन,मुरलीधर तिवारी,अमित राज सिंह, सहेंद कुमार,सन्नी मंडल,विवेक कुमार सहित जिले के दर्जनों पत्रकार मौजूद थे


**Office of the District Sports Officer-cum-District Tourism (Nodal) Officer, Godda**
**Phone-9931121699,Email-goddadso111@gmail.com**

**Re-Short Tender**
**(EOI)**
**FOR**
**SELECTION OF AN EVENT MANAGEMENT AGENCY FOR MANAGEMENT OF EVENT FOR CLOSING CEREMONY OF "Rajkiya Ganatantra Mela Mahotsav" 2026 IN Godda.**
**From 21st and 22nd March 2026 -- (Tentative)**

Office of the District Sports Officer-cum District Tourism (Nodal) Officer, Godda invites Tender from eligible bidders for selection of reputed Event Management Agency for organising an event on the occasion of closing ceremony of "Rajkiya Ganatantra Mela Mahotsav" 2026 dated **from 21st and 22nd March 2026** (tentative) therefore invites agencies (fulfilling the eligibility criteria) to submit their bids.

Interested agencies may participate for this tender and submit their proposal. The Bid Due Date is on 11.03.2026 at 11:00 AM hours

EOI can be downloaded from the website http://godda.nic.in

Any & all Corrigendum, Addendum or any further communication related to this EOI shall be uploaded in the above stated websites and will be published in the newspapers.

Office of the District Sports Officer-cum- District Tourism (Nodal) Officer, Godda reserves the right to reject any or all proposals and annul the bid process at any time without assigning any reason what so ever.

ह0/–
उपायुक्त,गोड्डा

**PR 374169 District(25-26).D**


## बोरियों में झामुमो कार्यालय का उद्घाटन



**बोरियो।** बोरियो प्रखंड क्षेत्र के बरहेट रोड तीन मुहानी के समीप सांसद विजय हांसदा, बोरियो विधायक धनंजय सोरेन, जिलाध्यक्ष अरुण सिंह सहित अन्य झामुमो नेताओं ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत प्रखंड झामुमो कार्यालय उद्घाटन किया. साथ ही बोरियो बाजार स्थित मदरसा नूरुल हुदा में रमजान के मौके इफ्तार कार्यक्रम आयोजन किया गया. जिसमें मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों धर्मावलंबी इफ्तारी में शामिल हुए. मौके पर राजमहल विधायक एम टी राजा, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष संजीव सामू हेंब्रम, केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष स्टीफन मुर्मू सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे.

## मानदेय भुगतान नहीं किए जाने को लेकर मनरेगा कर्मियों की हड़ताल 9 से



**संताल एक्सप्रेस उधवा ।** मनरेगा कर्मियों के द्वारा 12 माह से अधिक समय से मानदेय भुगतान नहीं किए जाने को लेकर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल एवं अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की है. हड़ताल की सूचना मनरेगा कर्मियों ने उधवा बीडीओ जयंत कुमार तिवारी एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भेजकर सूचना दी है. जिसमें बताया गया है कि झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ के आह्वान पर अपने लंबे समय से लंबित मानदेय एवं अन्य मांगों के समर्थन में 9 मार्च 2026 से 11 मार्च तक तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे. वहीं सरकार मांगों पर विचार नहीं करने पर 12 मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़?ताल पर जाने का निर्णय लिया है.


**e-Procurement Cell**
**ENERGY DEPARTMENT**
**GOVT.OF JHARKHAND**
**Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka**

**Short Notice e- Procurement Notice**

**e-Tender Reference No.- Energy/EWD/Dumka/33/2025-26 Dated-02-03-2026**

| Sl. NO. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Tender Fee (Bid Document Fee) | Bid Security (EMD Fee 2%) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| I | S/R to E.I. in Mahila college, B.E.D. Building & Library building in the campus of K.K.M. College at Pakur. | 22,91,131=00 | 5,000=00 | 46,000=00 | 40 Days |
| II | Provision of security light in the campus of K.K.M. College at Pakur. | 17,70,366=00 | 5,000=00 | 35,500=00 | 30 Days |
| III | S/R to E.I. in Science Block building and Degree smart class building in the campus of K.K.M. College at Pakur. | 33,97,314=00 | 5,000=00 | 68,000=00 | 45 Days |
| 2. | Date of Publication of tender on website | 13.03.2026 | | | |
| 3. | Online bid submission period | From 14.03.2026 at 10:30 am to 19.03.2026 at 2:00 Pm | | | |
| 4. | Technical Bid Opening Date | 20.03.2026 at 3:00 Pm | | | |
| 5. | Name and address of the office to inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 6. | Name and address of the office to Open the tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06434-291091 | | | |
| 8. | Helpline number of e- Procurement cell | 06434-291091 | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**
Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in

**Electrical Executive Engineer**
**Electric Works Division,Dumka.**

PR 374095 Energy(25-26).D



**JHARKHAND STATE RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY (JSRRDA)**
FFP Building, 3rd floor, Dhurwa, Ranchi- 834004

Letter No.- 267 Dated:- 05.03.2026

**Notice**

**Extension of Bid Validity for NIT No- 01/ 2025-26 dated 10.10.2025 (PR No- 363880)**

With reference to the Notice Inviting Tender, published vide aforementioned PR no pertaining to PM-JANMAN (Batch-I, 2025-26) works, all the participated bidders who have participated in these bids are requested to give their consent for further extension of bid validity by 90 days from the date of this notice publication.

Bidders are requested to submit the same latest by 13.03.2026 through email at email ID- jh-ce@pmgsy.nic.in or by submitting hardcopy to the office of Chief Engineer, JSRRDA, Ranchi.

Bidders whose bid validity is not extended by the stipulated date mentioned above shall not be considered for evaluation and award.

Sd/-
Engineer-in-Chief
JSRRDA, Ranchi

PR 374139 (Rural Work Department) 25-26 (D)


## बरहेट में फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**संताल एक्सप्रेस बरहेट ।** बरहेट प्रखंड क्षेत्र में के सिंगा मैदान में गुरुवार को खेल के प्रति उत्साह और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से एक भव्य फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ. एनटीपीसी फरक्का के सीएसआर कार्यक्रम के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष सह झामुमो नेत्री मोनिका किस्कू ने फुटबॉल पर किक मारकर किया.उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी और थाना प्रभारी पवन कुमार उपस्थित रहे. इन अतिथियों ने भी मैदान में फुटबॉल को किक मारकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. कार्यक्रम की शुरुआत में एनटीपीसी के अधिकारियों ने अतिथियों को गुलदस्ता भेंट कर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया.16 टीमों के बीच होगा कड़ा मुकाबलाआयोजकों ने बताया कि इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं. उद्घाटन मैच शिवापहाड़ बनाम हाथीगढ़ के बीच खेला गया.मौके पर उप प्रमुख रूपक साह, प्रखंड सचिव मुजीबुर्रहमान, एनटीपीसी के उप महाप्रबंधक विनीत कुमार, एजाज अंसारी, समदा सोरेन, गुंजन सिंघानिया, जूनियर ऑफिसर मो. जहीरूद्दीन, फील्ड एग्जीक्यूटिव चूमकी दास, प्रो. हाशिम अख्तर, अमजद अंसारी और फिरोज अंसारी समेत भारी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीण मौजूद थे.


**e-Procurement Cell**
**ENERGY DEPARTMENT, GOVT.OF JHARKHAND**
**Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka**

**Short Notice e- Procurement Notice**

**e-Tender Reference No.- Energy/EWD/Dumka/32/2025-26 Dated-02-03-2026**

| Sl. NO. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Tender Fee (Bid Document Fee) | Bid Security (EMD Fee 2%) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| I | S/R to E.I. in Arts Building and Provision of Main Cubical Panel of Sahibganj College, Sahibganj. | 49,71,765=00 | 5,000=00 | 99,500=00 | 45 Days |
| II | S/R to E.I. in Science Building of Sahibganj College, Sahibganj. | 34,81,554=00 | 5,000=00 | 70,000=00 | 45 Days |
| III | Provision of Street light in the campus of Godda College at Godda. | 12,15,789=00 | 2,500=00 | 24,500=00 | 30 Days |
| 2. | Date of Publication of tender on website | 11.03.2026 | | | |
| 3. | Online bid submission period | From 12.03.2026 at 10:30 am to 17.03.2026 at 2:00 Pm | | | |
| 4. | Technical Bid Opening Date | 18.03.2026 at 3:00 Pm | | | |
| 5. | Name and address of the office to inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 6. | Name and address of the office to Open the tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06434-291091 | | | |
| 8. | Helpline number of e- Procurement cell | 06434-291091 | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**
Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in

**Electrical Executive Engineer**
**Electric Works Division**
**Dumka.**

PR 374094 (Energy) 25-26 (D)



**पाकुड़ समाहरणालय**
**(जिला ग्रामीण विकास शाखा)**

**।। प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत संविदा आधारित नियुक्ति संबंधी आम सूचना।।**
**(पदः– प्रखण्ड समन्वयक एवं लेखापाल–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तर))**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के अधिसूचना संख्या–1016 (अनु०)/ग्रा०वि०, दिनांक–01.03.2017 तथा Advt. No.:-10-PMAY-G-54/2016/1193/Gra.Vi., Ranchi, Date:-09-03-2017 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अन्तर्गत प्रखण्ड समन्वयक तथा लेखापाल–सह–कम्प्युटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तर) के रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्राप्त कुल 300 + 35 = 335 आवेदन में से जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त कुल 225 आवेदनों को रद्द किया गया तथा शेष 110 योग्य अभ्यर्थियों का दक्षता परीक्षा – लिखित (विषय ज्ञान एवं कम्प्युटर ज्ञान) एवं कम्प्युटर (प्रायोगिक) परीक्षा दिनांक 15.03.2026 (रविवार) को निर्धारित किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

**A. लिखित (विषय ज्ञान एवं कम्प्युटर ज्ञान)**

| क्र० | पद | स्थान | तिथि | समय | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड समन्वयक | मध्य विद्यालय धनुषपुजा, पाकुड़ | 15.03.2026 (रविवार) | 11:00 AM से 12:00 PM Reporting Time 09:00 AM | विषय ज्ञान 10 अंक कम्प्युटर ज्ञान 10 अंक |
| 2 | लेखापाल सह कम्प्युटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तर) | | | | |

**B. कम्प्युटर ज्ञान (प्रायोगिक)**

| क्र० | पद | स्थान | तिथि | समय | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड समन्वयक | पुराना समाहरणालय पाकुड़ अवस्थित कम्प्युटर प्रशिक्षण केन्द्र | 15.03.2026 (रविवार) | 02:00 PM से 05:00 PM Reporting Time 01:00 PM | कम्प्युटर ज्ञान (प्रायोगिक) 10 अंक |
| 2 | लेखापाल सह कम्प्युटर ऑपरेटर (प्रखण्ड स्तर) | | | | |

**दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले योग्य अभ्यर्थियों को निम्नांकित निदेशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा :–**

1. परीक्षा हेतु निर्धारित Reporting Time के बाद परीक्षा केन्द्र में प्रवेश निशिद्ध होगा तथा उक्त अभ्यर्थी को अनुपस्थित माना जायेगा।
2. अभ्यर्थी को अपने साथ वैध एक पहचान पत्र मूल रूप में (यथा– आधार कार्ड/पेन कार्ड/वोटर कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस) तथा 03 (तीन) अदद नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटोग्राफ लाना अनिवार्य होगा।
3. परीक्षा स्थल एवं केन्द्र में अभ्यर्थी के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश निशिद्ध रहेगा।
4. परीक्षा केन्द्र में कलम के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक यंत्र (मोबाईल, स्मार्ट घड़ी, ब्लूटूथ उपकरण, कैलकुलेटर इत्यादि) के साथ प्रवेश वर्जित होगा।
5. अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार के कदाचार करते हुए पाये जाने पर उनका अभ्यर्थित्व रद्द की जायेगी।
6. जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अयोग्य किए गए अभ्यर्थियों तथा लिखित परीक्षा में आमंत्रित योग्य अभ्यर्थियों की सूची www.pakur.nic.in पर उपलब्ध है।

ह०/–
उपायुक्त,पाकुड़

**PR 374118 Pakur(25-26).D**


## साहिबगंज में शव बरामद

**बोरियो।** बोरियों थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरंग नदी के स्नान घाट से गुरुवार को अहले सुबह पुलिस ने शव बरामद किया है. शव की शिनाख्त बड़ा पुल निवासी छोटू मंडल ने अपने पिता दिलीप मंडल उम्र 60 वर्ष के रूप में किया है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक दिलीप मंडल बीते मंगलवार सुबह 11 बजे से लापता थे. घर के लोगों ने काफी खोजबीन की. लेकिन कहीं कुछ पता नही चला. ग्रामीणों ने गुरुवार सुबह नदी में औंधे मुंह तैरता हुआ शव देखा. पुलिस को सूचना मिलते ही एसआई दूधनाथ सिंह अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की. परिजनों ने बताया कि मृतक दिलीप मंडल की मानसिक स्थिति ठीक नही थी.


**e-Procurement Cell**
**ENERGY DEPARTMENT GOVT.OF JHARKHAND**
**Electrical Executive Engineer Electric Works Division, Dumka**
**Short Notice e- Procurement Notice**
**e-Tender Reference No.- Energy/EWD/Dumka/31/2025-26 Dated-02-03-2026**

| Sl. NO. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Tender Fee (Bid Document Fee) | Bid Security (EMD Fee 2%) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| I | S/R to E.I. in different classroom building (Main building, Science building, Geography building and B.ED building) in the campus of Godda College at Godda. | 77,78,208=00 | 10,000=00 | 1,56,000=00 | 60 Days |
| II | S/R to E.I. in M.S.D.P. building and Administrative building in the campus of K.K.M. College at Pakur. | 53,95,998=00 | 10,000=00 | 1,08,000=00 | 60 Days |
| 2. | Date of Publication of tender on website | 09.03.2026 | | | |
| 3. | Online bid submission period | From 10.03.2026 at 10:30 am to 16.03.2026 at 2:00 Pm | | | |
| 4. | Technical Bid Opening Date | 17.03.2026 at 3:00 Pm | | | |
| 5. | Name and address of the office to inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 6. | Name and address of the office to Open the tender | Electrical Superintending Engineer, Electric Works Circle, Ranchi | | | |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06434-291091 | | | |
| 8. | Helpline number of e- Procurement cell | 06434-291091 | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of**
**IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**
Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in

**Electrical Executive Engineer**

**Electric Works Division**
**Dumka.**

PR 374093 Energy(25-26)D


## एक आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज।** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त दीपक यादव पिता निवास यादव साकिन शोभनपुर भट्ठा थाना मुफ्फसिल जिला साहिबगंज को मुफ्फसिल थाना पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार दीपक यादव का सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया.

## कर्मचारी के निधन पर शोक सभा आयोजित



**साहिबगंज ।** साहिबगंज नगर परिषद कार्यालय के सभागार में गुरुवार को एक महिला कर्मचारी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया.मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद में कार्यरत सफाई कर्मचारी रेखा देवी की मृत्यु होली के पूर्व संध्या सड़क दुर्घटना के कारण हो गया था.शोक सभा पदाधिकारी को कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत महिला कर्मचारी की आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. शोक सभा में कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, बड़ा बाबू सुभाष सिंह, मनी प्रकाश, शिव कुमार हरि, अमरनाथ यादव, प्रकाश हरि राकेश कुमार पासवान, संतोष, प्रभास कुमार सहित नगर परिषद के दर्जनों कर्मी उपस्थित थे.


**झारखण्ड सरकार**
**समाहरणालय, गोड्डा।**
**(जिला पर्यटन,कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
**(जिला खेल कार्यालय)**
(goddadso111@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–125 दिनांक–27.02.2026 के आलोक में विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक–11.03.2023 द्वारा विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक विजेता/प्रतिभागी राज्य के खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर नगद पुरस्कार राशि दिये जाने हेतु राशि एवं मानक पुनर्निर्धारित किये गए है। तदालोक में झारखण्ड राज्य के वैसे खिलाड़ी, जिन्होंने **दिनांक–01.04.2024 से दिनांक–31.01.2026 तक की अवधि में** अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हो अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या–03 दिनांक–11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हो, उनसे "नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)" हेतु आवेदन आमंत्रित करने का निदेश प्राप्त है।

उक्त प्राप्त निदेश के आलोक में विभागीय संकल्प के आधार पर गोड्डा जिला के अहर्त्ताधारी खिलाड़ियों/प्रशिक्षकों से विहित प्रपत्र में नगद पुरस्कार राशि हेतु **दिनांक–10.03.2026 को अपराह्न 05:00 बजे** तक जिला खेल कार्यालय, गोड्डा द्वारा आवेदन आमंत्रित किया जाता है। नगद पुरस्कार हेतु विहित–प्रपत्र जिला खेल कार्यालय, गोड्डा समाहरणालय भवन रूम नं०–27 से प्राप्त कर सकते हैं।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी,
गोड्डा।

PR 374112 (District) 25-26 (D)



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, दुमका**

**आम-सूचना**

राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक PED/38/20/2010/Part File/5094 दिनांक 27.11.2025 से प्राप्त निदेश के आलोक में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत् जिले के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत प्रारंभिक कक्षाओं (VI to VIII) के 200 मेधावी छात्र–छात्राओं को राज्य के अन्दर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाना है। इसे हेतु मान्यता प्राप्त संस्थान/एजेंसी से दिनांक 20.03.2026 के अपराह्न 03:00 बजे तक शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रित किये जाते है।

निविदा से आमंत्रण से संबंधित नियम एवं शर्ते https://dumka.nic.in वेबसाईट पर देखा जा सकता है। इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, खुटाबांध, दुमका से प्राप्त की जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, दुमका

PR 374092 Human Resource Developement (25-26)_D

# जुवा़ने पा़सी गो़च् एना, जांच रेको जुटा़वेना पुलिस



**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** सीतारामडेरा थाना टोठा रेयाक् कु हारपाड़ा रे सा़रदीमाहां हिलोक् सेताक् मित्टेन जुवा़न दो़ कीटनाशक जो़म कातेय जो़म गो़च् आकान रेयाक् मामला सो़दो़राकाना। गो़च्एन हो़ड़ाक् पाछनाव दो़ कु हारपाड़ा रेन गिरा़बा़सी सूरज प्रसाद (38) रूप रे होय आकाना। घो़टना तायो़म टोठा रेन हो़ड़को दुकचाबावाकाना।

ञाम आकान खो़बो़र लेकाते सा़रदीमाहां हिलोक् सेताक् सूरज रेन दोसारिच् बा़हू सोनी दो़ उनीयाक् कुठरी रे गालासाङ गितिच् आकाने ञेल केदेया। सोर ते चालाव कातेय ञेल केदे खान उनी ठेन कीटनाशक रेयाक् बो़तो़ले ञेल ञाम केदा। आकबाक रे नोआ खो़बो़र दो़सीतारामडेरा थाना पुलिसे एमात्कोआ। खो़बो़र ञाम सांवते पुलिस दो़ ओ़न्डेको सेटेरेना आर जांचको एहो़प् केदा। पुलिस दो़ गो़च् हो़ड़मो़ आपनार कब्जा रे दो़हो़ काते पोस्टमार्टम ला़गित्को कोल केदा।

जांच तायो़म पुलिस दो़ गो़च्एन हो़ड़ाक् मोबाइल फोन खो़न मित्टेन वीडियो हो़ंको ञाम केदा। ला़या़गो़क् काना जे ओना वीडियो रे सूरज दो़ आच् मो़ने ते गेय गो़जो़क्कान काथाय मेन आकादा। नित पुलिस दो़ वीडियोको जांचेत् काना आर ओना बाबो़त रे पुरा़उ मामला रेयाक् पड़ताल चालाक् काना। घारो़ंज रेन आर टोठाकिया़ हो़ड़ाक् ला़ई लेकाते सूरज प्रसाद दो़ बार धाव तेय बापलावाकान ताहेंकाना। उनी रेन पा़हिल बा़हू पिंकी दो़ सोनरी टोठा रेय ताहेंनो़क् काना, आर से नो़ते आच् दो़ आच् रेन दोसार बा़हू सोनी सालाक् ते कु हारपाड़ा रेय ताहेंनो़क्कानताहेंकाना। मोटामुटी तुरूई चान्दो लाहा गे मित्टेन ट्रेन घो़टना रेउनीयाक् बानार जांगा आर मित्टेन ती दो़ गेत् कुटरा़लेन ताया। नोआ घो़टना तायो़म खो़न गे उनी दो़ हो़ड़मो़ ते आर हुदिस ते आ़डी काजाक आ़उझा़वाकाने ताहेंकाना। ला़या़गो़क् काना जे घो़टना तायो़म सूरज दो़ आ़डी आ़उझा़वे ताहेंनकान ताहेंकाना आर मित् गे तालाव आयाक् ओ़बो़सता बाबो़त रेय चिन्ता़क्कान ताहेंकाना। टोठाकिया़ हो़ड़को मेनेत् काना जे का़उडी ते हो़ड़मो़ तेय को़स्टो़क्कान ताहेंन खा़तिर ते उनी दो़ आ़डी काजाके आ़ड़ि़साकानताहेंकाना। नित सीतारामडेरा थाना पुलिस दो़ पुरा़ मामलाको जांचेत् काना आर घारो़ंज रेन हो़ंको पूछताछेत्को ताहेंकाना। पोस्टमार्टम रिपोर्ट हिजुक् आनेच् गे गो़च् आकान रेयाक् ओ़जे दो़ पुस्टा़उ दाड़ेयाक्आ।

## टाटा स्टील छाटका रे कोमबड़ो़ मामला रेको साप् केदेया मित् हो़ड़



**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटा स्टील रेन सुरक्षा टीम दो़ कंपनी छाटा रे कोमबड़ो़ घो़टना को़म ला़गित् ते चालावेत्कान केटेच् ता़नखी लाड़ा़वानाक् ताक रे मित् हो़ड़ कोमबड़ो़ तुलुच्को साप् केदेया। पेट्रोलिंग ताक रे सुरक्षा कर्मी दो़ मित् हो़ड़ दिगधा़वान ओ़बो़सता रे दाड़ां बाड़ाय तुलुच्को ञेल केदेया, ओना इया़ते उनी दो़ तेंगो आचो कातेत्को कुली केदेया। सुरक्षा टीम दो़ दिगधा़वान ओ़बो़सता रे मोहममद बाबू (30) गरीब नवाज कॉलोनी गौरी शंकर रोड जुगसलाई रेन गिरा़बा़सी दो़ हिरासत रेको दो़हो़ केदेया। चेक केदे रे उनी ठेन खो़न मोटामुटी 35 किलोग्राम इंसुलेटेड कॉपर तारको ञाम केदा। पा़हिल जाँच् रे नोआ बाडायेना जे तार दो़ उनी ठेन बेआ़ईनी लेका ते ताहेंकाना आर नोआ इया़ते कंपनी छाटका खो़ने कोमबड़ो़आकात् दिगधा़ बाडायो़क् काना। मामला गा़हिर गे ताहेंकान ते टाटा स्टील रेन सुरक्षा टीम दो़ उसा़रा ते साप् कातेत् बिष्टुपुर थाना पुलिसको जिमा़वात्कोआ। कुली बाड़ा केदे तायो़म नोआ हो़ं बाडायेना जे दुसी दो़ पा़हिल रे हो़ं पे धाव ते कोमबड़ो़ मामला रेको साप्बाड़ा़वाकादेया आर उनी दो़ खुबे आ़तकिर हेवाकान ताहेंना। पुलिस दो़ मामला रे जा़रूड़ानाक् कानूनी कार्रवाई तुलुच् सा़रदीमाहां हिलोक्दुसी दो़ न्यायिक हिरासत रेको कोल केदेया। ओ़न्डे कंपनी प्रबंधन दो़ पुस्टा़उ केदा जे छाटका रे कोमबड़ो़ आर जाहांय हो़ड़ गे बेआ़ईनी ते दाड़ां बाड़ाय हो़ड़को उपा़र रे जीरो टॉलरेंसरेयाक् नीतिय ला़गुवाकादा आर नोआ इया़ते मामला दो़ केटेच् ते कार्रवाई तो़ंगे गेया।

## थिएटर मा़लिक धामकावको ञामेत् काना : विपुल शाह



**मुंबई ।** बॉलीवुड फिलिम द केरल स्टोरी-2 रेन निर्माता विपुल अमृतलाल शाहवाक् आरोप काना जे केरल आर चेन्नई रेयाक् आयमा सिनेमाओड़ाक्को रे फिलिम बाङ उदुग रेयाक् दबाव बेनावेत् काना।विपुल शाह दो़ बानार पो़नो़त रेन प्रशासन ठेन तत्काल हस्तक्षेप रेयाक्ए आरो़ज आकाना। उनीयाक् मेन काना जे थिएटर मा़लिक दो़ धमकीको ञामेत् काना, जेमो़न फिलिम रेयाक् स्क्रीनिंगको रोकाव। उनीय मेन केदा जे अदालत रेयाक् हुकुम पुस्टा़उ गेया जे ओना पालो़न होयोक् जा़रूड़ काना। उनी नोआ हो़ंय जोड़ाव केदा जे तिनरे फिलिम रे स्टे ताहेंकाना, तो़बे टीम दो़ पुरा़उ ते कानून रेयाक्को मानो़त केदा आर जाहां लेकाक् अवैध स्क्रीनिंग बाङ। सोकोलवार हिलोक् केरल हाई कोर्ट दो़ फिलिम रिलीज रे लागावेन अंतरिम रो़कए ओ़चो़क् लेदा।अदालत रेयाक् हुकुम तायो़म फिलिम रेयाक् स्क्रीनिंग रेयाक् हो़र साफा एना आर फिलिम दोबारा सिनेमाओड़ाक् रे ञेलो़क् लागाव एना। विपुल शाहवाक् दा़बी काना जे ओका ठा़ंव रे फिलिम उदुगो़क् काना ए ओण्डे ञेलकोवाक् रिएक्शन आ़डी सकारात्मक गेया

# रेलवे अस्पताल रे मायजीवे गो़च्एन ते ओड़ा़क् रेन हो़ड़को हंगामा केदा



**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** खासमहल रे मेनाक् टाटानगर रेलवे अस्पताल रे रान-मुरगा़न ताला रे परसुडीह रेयाक् हलुदबनी रेन गिरा़बा़सीगुलफूल देवी (70) दो़ ढेर ञिन्दा़ सेच्ए गो़च् एना। घो़टनाको बाडाय ञामकेत् सांवते गे ओड़ाक् रेन आर आडे-पासे रेन हो़ड़ दो़ अस्पतालतेको सेटेर एना आर डॉक्टर उपा़र रे दो़सको लादे केदा। ओड़ाक् रेन हो़ड़ाक् मेमेन दो़ नोआ काना जे उमा़रान मायजीव दो़ आच् ते गे अस्पताल तेय हेच् लेना, नोडका रे आचका दो़ चेका तेये गो़च् एना। नोआ रेयाक् तेला दो़ अस्पताल रेन प्रबंधन एमो़क् होयोक्ताया। ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़ नोआ बाडाय सानायेत्कोआ जे उनी दो़चेत् लेकानाक् राने एमावादे ताहेंना, ओना तेय गो़च् एना। गो़च्एनहो़ड़ रेन कोड़ा राजेश प्रसाद दो़य ला़ई केदा जे 3 मार्च हिलोक्सेताक् सेच् मोटामुटी 11 बजे आच् गो़गो़ दो़ खुक्-मांदा आर साहेंत् ला़गित् तेय मुसकिलो़क्कान ताहेंन ते टाटानगर रेलवे अस्पताल रेको भा़रती लेदेया। जाँच तायो़म डाक्टर दो़य मेन लेदा जे उनीयाक् ओ़बो़सता दो़ नॉमर्ल गेया। नोआ रे ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़ उनी छुट्टी एमावाय ला़गित् तेको मेन केदा, मेनखान डॉक्टर दो़य मेन केदा जे गापा ब्लड रिपोर्ट हेच् तायो़म गे छुट्टी दो़ले एमावाया। राजेशाक् ला़ई लेका ते ञिन्दा़ सेच् मोटामुटी 8:30 बजे हा़बिच् उनी आच् गो़गो़सांवते मोबाइल रे गालमाराव होय लेन ताहेंना आर उन ओ़कते उनीयाक् दो़ मोज गेय आ़ईका़वेत्कान ताहेंना। ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़दो़सको लादेयेत् काना जे गुलफूल देवीय गो़च्एन रेयाक् खो़बो़र दो़अस्पताल सेच् खो़न ओड़ाक् हो़ड़ बाको खो़बो़रात्कोआ। तिन रे राजेश अस्पताले सेटेरेन तो़बे उनी आच् गो़गो़ दो़य गो़च् चुका़उ आकान ताहेंना।

## सो़ड़ो़क घो़टना रे कोड़ा़वाक् बेण्डाव






**खोबोरिया**

**चतरा।** पत्थलगडा प्रखंड मु यालय रेयाक् दानापुर रे सो़ड़ो़क घो़टना रे मित्टेन कोड़ाव बेण्डाव एना। दानापुर रेन संतोष दांगी दो़ बुधवार तिकिन तायो़म होली एनेच् ला़गित् आयाक् मारे ओड़ाक् महातो टोली पत्थलगडा बाइक तेय हिजुक्कान ताहेंना। हो़ड़को ला़ई केदा जे मित् आ़नाड़ी गा़डी चापो़ट रेय हेच्एन ते उनीय बेण्डाव एना। नोआ घो़टना दो़ पत्थलगडा ब्लॉक रोड रे सरपंच वाटिका सोर रे होय आकाना। घो़टना तायो़म घारो़ंज रेन दो़ उनी सदर हासपाताल हजारीबाग तेको इदी केदेया। जाहां डॉक्टर दो़ उनीय गो़च् गेको घोषित केदेया। बाडायाकान लेकाते सायके हो़ड़ उनी ओड़ाक्को सेटेरेना आर दुखको सो़दो़र केदा। उनीय बेण्डावेन खो़बो़र तायो़म पत्थलगडा, सिंघानी घालो़क् आडेपासे रेयाक् माहौल उदा़स एना आर हो़ड़ दो़ होली मानावको बा़गीयादा। उनी रेन बारया का़टिच् का़टिच्गिदरा़ मेनाक्किना। पुलिस दो़ मांड़ीं काबजा काते पोस्टमार्टम ओ़चो केदाको। पुलिस दो़ लुखीवार हिलोक् घारो़ंज रेन मांड़ीं एमात्को तायो़म बकुलिया गाडा घाट रे मुचात्को बायकादेया। विधायक प्रतिनिधि विजय दांगी, समाजसेवी हरीश दांगी, अंबिका यादव घालो़क् एटाक्कोको ला़ई केदा जे कोड़ा दो़ आ़डी रेंगेच्ए ताहेंकाना। ओ़नको घारो़ंज दो़ सरकारी मुआवजा एमो़क् रेको खो़ज आकादा।

## पंजाब रेन गिरा़बा़सी यूट्यूबर नैंसी ग्रेवाल दो़ छुरी तेको सो़बो़क् गो़च् केदेया, जाँचको धुरा़वेना पुलिस



**खोबोरिया**

**चंडीगढ़।** कनाडा रे पंजाब रेन गिरा़बा़सी यूट्यूगर नैंसी ग्रेवाल दो़ मॉन्ट्रियल लासाल आयाक् ओड़ाक् रे छुरी तेको सो़बो़क् गो़च् केदेया। मीडिया रिपोर्ट लेका ते पुलिसाक् सेंट-लूस क्रिसेंट रे मेनाक् बिल्डिंग खो़न एमरजेंसी कॉल हेच् लेन ताहेंना। ओना तायो़म पुलिस दो़ ओ़न्डेको सेरेन तायो़म नैंसी दो़ घा़ल ओ़बो़सता रेको ञाम केदेया। उनी दो़ उसा़रा ते अस्पताल तेको इदे केदेया। उनी दो़ ओ़न्डे गेय गो़च् एना। ला़येत् कानाको जे उनीयाक् हो़ड़मो़ रे छुरी ते सो़बो़क् आकादे आयमा चिखना़ मेनाक्आ आर मायाङ जो़रो़येन ताय ते उनी दो़य गो़च् एना। नोआ खो़बो़र ते कनाडा आर पंजाब रेन गिरा़बा़सी नैन्सी ग्रेवाल ओड़ाक् रेन हो़ड़ दो़ आ़डीको दुक एना। मॉन्ट्रियल पुलिस दो़ मामलाको जाँचेत् काना। गो़च् केदेको रेयाक् ओ़जे बाडाय ला़गित् तेको कुरूमुटूयेत् काना। नैन्सी ग्रेवाल दो़ सोशल मीडिया रे वीडियो बेवान कातेत् खालिस्तान सापोर्ट ला़गित् ते हो़ड़े उतकुत्एत्को ताहेंना। नोआ सांवते गे उनी दो़ आयमा नेताको बिरो़द रे हो़ंय वीडियो पोस्ट आकादा।


## फिलिम मालाताल विकली रेयाक् बेनाक् काना सीक्वल



**खोबोरिया**

**मुंबई।** कॉमेडी ते पेरेच् फिलिम मालामल विकली रेयाक् सीक्वल बेनावक् काना। पासेच् बीस पूर्व रिलीजेन प्रियदर्शनाक् नोआ कल्ट कॉमेडी दो़ मित् आत्एन लॉटरी टिकिट रेयाक् का़हनी ला़गित्ञेञेलको खूप्को लांदावात् ताहेंना। नितो़क् नोआ रेयाक् सीक्वल रेयाक् खो़बो़र ते फैंस आरहों कुसी मेनाक्कोआ। फिलिम रे परेश रावल राजपाल यादव रितेश देशमुख आर बोंगाताला ओमपुरी दो़ दिनीसा़ भूमिकाय पुरा़उ लेदा। चाहे, मालामाल वीकली2 रेयाक् आधिकारिक घोषणा नितो़क् बा़की गेया, मेनखान फिलिम रेन आसो़ल अभिनेता परेश रावल दो़ नोआ खबर रे आयाक् मुहरए लागाव आकादा। उनीय ला़ई केदा, नोआ सा़री गेया। इञ नोआ फिलिम रेन हिसा़ का़ना़ञ आर नोआ चेकायेत् काना। पा़हिल फिलिम रे लॉटरीटिकिट आ़खरिञान लीलारामाक् भूमिका उदुगिच् परेश रावल दोबारानोआ किरदार रे कमाल उदुग रेयाक् तेयारी रे मेनाया। बो़छो़र 2012 रे कमाल धमाल मालामाल रिलीज लेना, ओकादो़ मालामाल वीकली रेयाक् रीबूट मानाव लेना। नोआ रे हो परेश रावल सालाक् राजपाल यादव, ओमपुरी आर नाना पाटेकर दो़ बेतसे उनुदुक् ते कॉमेडीरेयाक् ता़री उसुल दो़हो़ लेदा। चाहे, ओना सो़मो़य नोआ दो़आधिकारिक सीक्वल बाङ मेतावात् ताहेंना, मेनखान निया़ धाव फिलिम रेयाक् सीधा़ सीक्वल रेयाक् पुस्टा़उ दो़ मारे ञेञेलकोय दिसा़ ओ़चो आकात्कोआ। नोआ ताला परेश रावल दो़ दोसार फिलिम भागमभाग2 रेयाक् हों चारचा रे मेनाक्आ ओकादो़ उनीयाक् 2006 रेयाक् सुपरहिट फिलिम रेयाक् सीक्वल काना। प्रियदर्शनाक् निर्देशन रे बेनाव फिलिम भूत बंगला रे उनी दो़ अक्षय कुमार सालाक्ए ञेलो़क्आ, ओकादो़ 10अप्रैल2026 हिलोक् रिलीजो़क्आ। नोआ सांवते गे सुपरहिट तिकड़ी अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी आर परेश रावल आरहों ञेलकोय कुसी ओचोकोआ चेदाक्जे अभिनेता फिलिम वेलकम टू द जंगल आर हेराफेरी 3 रे हो़ंय ञेलो़क्आ।

## पश्चिमी सिंहभूम रे नाबालिग पा़ठवा़ दो़य पा़सी गो़च् एना




**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला़ रेयाक् मंझारी थाना टोठा रेयाक् पिलका पंचायत रे मेनाक् सरकन आतो रे मित् नाबालिग पा़ठवा़ कुड़ी दो़यपासी गो़च् एना। बुधवार हिलोक् रेयाक् घो़टनाको ला़येत् काना। लुखीवार हिलोक् मंझारी थाना पुलिस दो़ मांड़ीं पोस्टमार्टम ओ़चोकातेघारो़ंज रेनको एमात्कोआ। घारो़ंज रेन लेकाते खुशी बोदरादो़ आच् एंगात जेमनी बोदरा सालाक् ननिहाल रे ताहेंकातेय पाड़हाक्कान ताहेंना। उनी दो़ इरा़ल किलास रेन पा़ठवा़ए ताहेंकाना। ला़ई केदाको जे जेमनी बोदरा दो़ लाहा बापला सरायकेला खरसावां जिला़रेयाक् कोल शिमला थाना टोठा रे होयलेनताया, मेनखान जावांयतेत्जा़सतीय बुलुक् ते ओड़ाक् रे झागड़ाक् खा़तिर आको ओड़ाक्ए हेच् लेना। थोड़ा दिन तायो़म जेमनी बोदरा दो़ आतो रेन गे दोना लमाईसांवते दोसार धावे बापला लेना आर घारो़ंज रेन साधारो़न रूपतेको ताहेंन कान ताहेंना। ला़येत् कानाको जे घो़टना खो़न बार दिनलाहा आतो रे मित् हो़ड़े बेण्डाव लेना। जेमनी बोदरा दो़ बुधवारहिलोक् खुशी सांवते सामाजिक का़मीहो़रा रे सेनो़क्ए मेतादेताहेंना, मेनखान उनी सेनो़क्ए मानाव केदेया। इना़ तायो़म जेमनी बोदरा एकला गे ओ़ण्डेय सेन एना। तिकिन तिनरे जेमनी बोदराय रूवा़ड़ेना आरआयमा धाव खुशीय हो़हो़वादेया, मेनखान दुवा़र बाय झिच् लेदा।

दुवा़र झिच् कातेको ञेल केदे माय पा़सी गो़च् आकाना। घो़टो़ना काथादो़ आतो रेन मुंडा मानकी आर डाकूवा ठेनको ला़ई केदा। इना़ तायो़म आतो हो़ड़ दो़ मंझारी थाना पुलिसको खो़बो़रात्कोआ। पुलिस दो़ ताक रे सेटेरेना आर मांड़ीं पोस्टमार्टम ला़गित्को कोल केदा। घो़टना तायो़म आतो रे दुख भाबना रेयाक् माहौल मेनाक्आ।

# गाडा रेय उनुम गो़च् एना 52 बो़छो़र रेन हो़ड़, जांच रेको जुटा़वेना पुलिस



**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिला रेयाक् जेटिया थाना टोठा रेयाक्सरबाई आतो रेन गिरा़बा़सी प्रेम पूर्ति (52) दो़ सा़रदीमाहां हिलोक् गाडा रेय उनुम गो़च् एना। पुलिस दो़ मामलाको जांचेत् काना।

गो़च्एन रेन हो़ड़ रेन हो़पो़नतेत् गंगाराम पूर्ति दो़य ला़ई केदा जे4 मार्च हिलोक् उनी रेन आपात प्रेम पूर्ति दो़ सेताक् नोवामुंडी प्रखंड रेयाक् कुंदरीझोर आतो रे मागे पो़रो़ब रे सेलेदो़क् ला़गित्ए चालावाकान ताहेंकाना। तिकिन आतो रेन मित् हो़ड़ दो़ खो़बो़रे एमएना जे गाडा मित् हो़ड़ाक् मांड़ी पायरा बाड़ाय काना। उन हा़बिच् ते प्रेम पूर्ति दो़ ओड़ाक् ते बाय रूवा़ड़ाकान ताहेंकाना, ओनाते घारो़ंज रेन हो़ड़ाक् चिन्ता़ दो़ आरतेत् गे ढेर इदियेना।

खो़बो़र ञाम सांवते गंगाराम पूर्ति दो़ आपनार घारो़ंज रेन हो़ड़ दो़ एटाक् हो़ड़ सालाक् ते गाडा आड़े तेको सेटेरेना। ओ़न्डेओनको दो़ आपाततेत्आक् चापो़ल गाडा आड़े रेको ञाम केदा आर थोड़ा सा़गिञ दाक् रे मित्टेन मांड़ीको ञेल ञाम केदा। सोर तेचालाव कातेको ञेलकेत् खान ओना गो़च् हो़ड़मो़ दो़ प्रेम पूर्तियाक्गे ताहेंकाना।

घारो़ंज रेन हो़ड़ाक् ला़ई लेकाते, ओका गाडा रे नोआ घोटनाहोय आकाना, ओ़न्डे जाहांन पुल दो़ बा़नुक् आकादा। आतो रेन हो़ड़ दो़ जावगे ताड़ाम ते गाडा आर बाङखान पायरा कातेको पारो़मेत्कान ताहेंकाना। नोडका ला़या़गो़क् काना जे प्रेम पूर्ति दो़ गाडा पारो़म ओ़कते गेय उनुमाकाना। हें मेनखान, घारो़ंज रेन हो़ड़को मेनेत्काना जे उनी दो़ जा़सती दो़ बाय ञुयेत्कान ताहेंकाना, ओनाते उनीआचकाय उनुम गो़जो़क् दो़ बाको बुझा़उ दाड़ेयाक् काना। घो़टना रेयाक् खो़बो़र दो़ ग्रामीण मुंडाको एमादेया, ओना तायो़म जेटिया थाना पुलिसको खो़बो़रात्कोआ। खो़बो़र ञाम सांवते पुलिस दो़ओ़न्डेको सेटेरेना आर मांड़ी दो़ पोस्टमार्टम ला़गित् सदर अस्पताल तेको कोल केदा। पोस्टमार्टम रेयाक् का़मी पुरा़उ तायो़म मांड़ीदो़ घारो़ंज रेनको जिमा़वात्कोआ। पुलिस दो़ पुरा़उ मामलाकोजांचेत् काना।

## आपाहो़न ताकिनाक् सा़गा़ई रे राकाप् एना कुकली



**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** तमिल फिल्म इंडस्ट्री रेन सुपर स्टार विजय थलपति दो़ पारो़मेन थोड़ा़ दिन खो़न आयाक् प्रशनल जिनगी बाबो़त रेय डामडा़हीयाकाना। रिपोर्टस लेका ते बाडायाकाना जे आच् बाहु संगीता सोर्नालिंगम दो़ कोर्ट रे तलाक याचिकाय ओ़ल आदेराकादा। नोआ खो़बो़र ते सोशल मीडिया रेय डामडा़हीयेना, चेदाक् जे बानार हो़ड़ गे पारो़मेन बार दशक खो़न सो़ंगे ते गे मेनाक् किना़ आर इंडस्ट्री रेन जो़तो़ खो़न मोज जुरी-पारी रेको लेखायेत्किन ताहेंना। पागो़क् ताला रे नोआ घो़टना दो़ हो़ड़ाक् धियाने ओ़रकेत्ताकोआ। विजय आर संगीता ताकिन रे कोड़ा जेसन संजय दो़ सोशल मीडिया रे आच् बाबा दो़य अनफॉलो केदेया। नोआ चेकाकेत् ते फैंस दो़को हाहाड़ायेना आर उसा़रा ते बानार हो़ड़ाक् सा़गा़ई रे आ़ड़ीढेरेना। मेनखान बानार हो़ड़ सेच् खो़न नोआ मामला बाकिनसो़दो़राकादा। जेसन दो़ नियाहा़ली रे गे फिल्म आर इंडस्ट्री रेआयाक् करियर एतो़हो़प् ला़गित् तेय साप्-सापड़ाक् काना। आयमा हो़ड़ नोआ होय दाड़ेयाक् लेका तेको पानते कातेत्को ञेलेत् काना, मेनखान पुरा़ काथा बाङ बाडाय आकान ते नोडका बुझा़क् काना। सोशलमीडिया रे फैंस दो़ तातले नोआ मुदा़ रेको गापालमाराक् काना आरआसको दो़हो़येत् काना जे घारो़ंज दो़ उसा़रा ओ़बो़सताकिनसो़दो़रा। विजय आर संगीता ताकिनाक् बापला दो़ आयमा बो़छो़रहा़बिच् मित्टेन मो़हो़तानाक्को मेताव ताकिनकान ताहेंना। नोडका रे बापागो़क् रेयाक् खो़बो़र दो़ उनकिन रे फैंस दो़किन आसकित्आचो केत्कोआ। नियाहा़ली जो़तो़ हो़ड़ाक् धियान दो़ बानार हो़ड़ाक् आधिकारीक बयान रे गे बाडायो़क्आ।

# हरिहर मिलन : बाबा बासुकीनाथ संग भगवान खेलन आए होरी हो

## होली पर बाबा बासुकीनाथ मंदिर में हुआ हरि और हर का मिलन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**जरमुंडी ।** प्रसिद्ध बासुकीनाथ मंदिर में मंगलवार को फाल्गुन पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर हरिहर मिलन का उत्सव मनाया गया। बासुकीनाथ धाम पंडा धर्मरक्षिणी सभा के नेतृत्व में आयोजित हरिहर मिलन के उपलक्ष्य पर पं दिवाकर झा व पंडा धर्मरक्षिणी सभा के सदस्यों की उपस्थिति में बासुकीनाथ मंदिर स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से भगवान हरि( श्री विष्णु) का विग्रह को बाबा बासुकीनाथ के गर्भगृह में ( नागेश ज्योतिर्लिंग विग्रह) बाबा बासुकीनाथ से मिलाया गया। इस मौके पर बासुकीनाथ मंदिर में धार्मिक परंपराओं के अनुरूप हरि-हर मिलन पर भगवान विष्णु और भोले बाबा का विशेष पूजन किया गया। इस मौके पर हरिहर को मालपुआ का भोग लगाया गया। हरिहर मिलन के उपलक्ष्य पर गर्भ गृह में बाबा बासुकीनाथ को पंडा पुरोहितों ने रंग और अबीर गुलाल से नहला दिया। खूब रंग गुलाल लगाए और मंदिर प्रांगण में जमकर अबीर गुलाल की होली खेली गयी। इस मौके पर पंडा धर्मरक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा, महामंत्री संजय झा व ठाकुरबाड़ी के पुरोहित पं दिवाकर झा ने बताया कि प्राचीन काल से चली आ रही मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा पर बाबा बासुकीनाथ, भगवान विष्णु के संग होली खेलते हैं। पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री पं संजय झा ने बताया कि संस्कार हमारी पहचान हैं, धर्म हमारी शक्ति है और एकता हमारा सबसे बड़ा बल है। पंडा धर्मरक्षिणी के सदस्य धर्म, परंपरा और समाज की मर्यादा की रक्षा के लिए संकल्पित रहे हैं। होली के अवसर पर हम सब प्रेम और सौहार्द के रंग में रंग सकें। हरिहर मिलन पर सामाजिक सद्भावना और रंगोत्सव की खुशियां भारतीय जनमानस को गौरवमयी सांस्कृतिक विरासत का संदेश देता है। होली के मौके पर हरि-हर मिलन के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी रही। मौके पर धर्मरक्षिणी सभा के जितेंद्र झा, मुकेश झा,धर्मेंद्र झा, राजेश झा, बबन गोस्वामी, पंडित राजू झा, सुधाकर झा, आशुतोष झा, सोहन झा, जयप्रकाश पंडा, सुमन झा तांत्रिक, चंदन झा शास्त्री, शुभम कश्यप, उज्ज्वल झा, सोनू झा लखपति, अभिषेक गोस्वामी, गोलू झा, मुन्ना पंडा, सोनू झा, विभूति भूषण तिवारी, विवेक पंडा, छोटू झा, परमजीत झा, जयप्रकाश तिवारी, एकानन्द पंडा, शंटी झा, कपिलदेव पंडा, गौतम राव, नंदकिशोर ठाकुर, उदय मंडल सहित दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।

## फाल्गुन पूर्णिमा पर 65 हजार श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना



**जरमुंडी (संताल एक्सप्रेस संवाददाता)।** फाल्गुन पूर्णिमा के मौके पर बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर सीमावर्ती जिलों के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी थी। पूर्णिमा के मौके पर पूजा अर्चना के लिए भक्तों की संभावित भीड़ को लेकर मंदिर प्रबंधन और स्थानीय पुलिस प्रशासन के कर्मी विधि व्यवस्था के लिए तैनात रहे। श्रद्धालुओं को व्यवस्थित करके संस्कार मंडप के रास्ते कतारबद्ध कराकर गर्भगृह ले जाकर पूजा कराया गया। फाल्गुन पूर्णिमा पर श्रद्धालु देर रात पूर्वाह्न 3:00 बजे से ही

परिसर के बाहर मंदिर खुलने का इंतजार कर रहे थे। भोर 4:00 बजे ब्रह्म मुहूर्त से बासुकीनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना प्रारंभ की और दोपहर के बाद भी पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा। मंगलवार को भगवान नागेश के विश्राम पूजा तक लगभग 65,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना संपन्न कर लिया था।

## मसानजोर डैम में मिली युवती की लाश पांच दिन से थी लापता, हत्या की आशंका

**दुमका।** मसानजोर डैम से एक 19 वर्षीय युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार युवती का शव डैम गर्भ के गेट नंबर 1 और 2 के बीच पानी में तैरता हुआ मिला। स्थानीय लोगों ने शव को देख तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मसानजोर थाना प्रभारी चंद्रशेखर रविदास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पानी में तैर रहे शव को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार शव काफी समय से पानी में रहने के कारण सड़-गल गया था और उससे दुर्गंध आ रही थी। घटनास्थल से पुलिस को एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जिसे जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। जांच के दौरान एक मोबाइल नंबर के आधार पर पुलिस युवती के परिजनों तक पहुंची और उन्हें थाना बुलाया गया। मृतका की छोटी बहन ने कपड़ों के आधार पर उसकी पहचान की। मृत युवती की पहचान दुमका शहर के दुधानी इलाके की रहने वाली रीना कुमारी के रूप में हुई है। वह गुड्डू पंडित की पुत्री बताई जा रही है और पिछले पांच दिनों से घर से लापता थी। पुलिस को आशंका है कि करीब पांच दिन पहले ही युवती की हत्या कर शव को डैम के ऊपरी हिस्से में फेंक दिया गया होगा। पानी के बहाव के कारण शव बहते हुए डैम के गेट तक पहुंच गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## इंटर स्टेट माइग्रेंट वर्कर यूनियन की आम सभा



**जरमुंडी ।** इंटर स्टेट माइग्रेंट वर्कर यूनियन, दुमका के बैनर तले जरमुंडी प्रखंड के चमराबहियार गांव में एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के महासचिव पनेसलाल टुडू ने कहा कि मजदूरों के अधिकारों का हनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूर देश के विकास की रीढ़ हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश आज कई जगहों पर उनके साथ अन्याय, शोषण और धोखाधड़ी की घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों का हक दिलाने के लिए संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा और जरूरत पड़ने पर सड़क से लेकर प्रशासनिक दफ्तरों तक जोरदार आंदोलन किया जाएगा। यूनियन के मंत्री मनोज राय ने कहा कि मजदूरों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और संगठित होना होगा। मौके पर सभी मजदूरों ने एकजुट होकर संकल्प लिया कि हक, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए अन्याय और शोषण के खिलाफ मजबूती से संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर यूनियन के महासचिव पनेसलाल टुडू, उपाध्यक्ष रामानंद यादव, मंत्री मनोज राय, केंद्रीय सदस्य प्रधान सोरेन, प्रदीप मंडल, प्रखंड प्रभारी हेमलाल सोरेन, ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे।

## महिषबाथान में उल्लास के साथ मना बसंत उत्सव



**रानीश्वर (दुमका) ।** रानीश्वर प्रखंड स्थित महिषबाथान गांव में तीन दशकों की गौरवशाली परंपरा को जीवंत रखते हुए बसंत उत्सव श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महिला समिति और यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिमेष मंडल के नेतृत्व में गोरांग मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीण अबीर-गुलाल खेलते और बड़ों का आशीर्वाद लेते हुए शामिल हुए। उत्सव का मुख्य आकर्षण महिषबाथान हाट परिसर स्थित पार्थ सारथी मंदिर रहा, जहां मनमोहक गीतों और नृत्यों की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। इस सांस्कृतिक महाकुंभ में बांग्ला भाषा व संस्कृति रक्षा समिति के राज्य सचिव गौतम चटर्जी ने शिरकत कर अपनी शुभकामनाएं साझा कीं। मौके पर कुमिरदहा पंचायत के मुखिया खुदीराम मोहली समेत भारी संख्या में ग्रामीण व समिति के सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पारंपरिक आयोजन को सफल बनाया।

## आठ आंगनबाड़ी केंद्रों का बीडीओ ने किया निरीक्षण



**रानीश्वर ।** गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने सादीपुर पंचायत के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सादीपुर बाउरी टोला, सादीपुर बागती टोला, सादीपुर-1, सादीपुर-2, हुसैनपुर, पाथरबगान, जयपहाड़ी-1 और नीमबनी केंद्रों की जांच की गई। निरीक्षण में सभी केंद्र संचालित पाए गए और वहां सेविका, सहायिका तथा पोषण सखी मौजूद थीं। जांच के दौरान कुछ केंद्रों पर बच्चों की संख्या कम मिली, जिस पर सेविकाओं ने बताया कि शादी और त्योहारों के सीजन के कारण उपस्थिति प्रभावित हुई है। बीडीओ ने पोषण सखी के सहयोग से बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। सादीपुर-1 और जयपहाड़ी-1 में नियमित टीकाकरण का कार्य सुचारू रूप से चलता पाया गया। मौके पर केंद्रों में हुए मरम्मत कार्यों का जायजा भी लिया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव और स्वयंसेवक भी उपस्थित रहे।

## नप अध्यक्ष ने बाबा बैडमिंटन टीम संग मनाई होली

**दुमका।** नगर के आउटडोर स्टेडियम में बुधवार को बाबा बैडमिंटन टीम और दादू स्टार क्लब द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस उत्सव में नगर पर्षद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक होली गीतों और अबीर-गुलाल के साथ हुई, जिससे पूरा परिसर उत्सव के रंग में सराबोर हो गया। टीम के संरक्षक रामानंद मिश्र ने अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया ने बड़ी घोषणा की कि आगामी एक वर्ष के भीतर दुमका को मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा।

# धूमधाम से मनाया गया बाहा परब, जाहेर थान में उमड़ी भीड़



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**मसलिया।** प्रखंड के कठलिया पंचायत अंतर्गत सिंदुरपुर गांव और हतियापाथर पंचायत के फुटबेड़िया गांव में संथाल समाज का पारंपरिक प्रकृति पर्व बाहा परब पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। वसंत ऋतु के आगमन और प्रकृति के निखार का उत्सव मनाने के लिए ग्रामीण सुबह से ही तैयारियों में जुट गए थे। उत्सव की शुरुआत गांव स्थित जाहेर थान में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस पवित्र स्थल पर मरांग बुरु, जाहेर ऐरा, गोसाई ऐरा, मोड़े कू और तुरुय कू की विशेष पूजा की गई। नायकी बाबूजन मुर्मू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने समस्त समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और अच्छी फसल की कामना की। इस धार्मिक अनुष्ठान में जोग मांझी टिकात मुर्मू और कूडूम नाइकी बिटका मुर्मू ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन कराया। पूजा संपन्न होने के बाद ग्रामीणों ने एक-दूसरे को बाहा पुष्प भेंट कर पर्व की शुभकामनाएं दीं।

## अंबेडकर प्रतिमा के साथ छेड़छाड़, लोगों में गुस्सा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका ।** नगर के अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे जब लोगों की नजर प्रतिमा पर पड़ी, तो देखा कि असामाजिक तत्वों ने प्रतिमा के दाएं हाथ की उंगली तोड़ दी है। साथ ही प्रतिमा के गले में लाल चुनरी और हाथ में झाड़ पात जैसा सामान रखकर उसे अपमानित करने की कोशिश की गई है।

इस घटना के बाद शहर के लोगों और विभिन्न संगठनों में काफी नाराजगी है। मौके पर पहुंचे राजद जिलाध्यक्ष डॉ. अमरेन्द्र कुमार यादव, आजाद समाज पार्टी के पवन कुमार रविदास और अन्य नेताओं ने पुलिस की मौजूदगी में प्रतिमा से आपत्तिजनक चीजें हटवाईं। लोगों का कहना है कि यह शहर की शांति बिगाड़ने की एक सोची-समझी साजिश है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और प्रतिमा की मरम्मत कराई जाए। तनाव को देखते हुए क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की भी अपील की गई है।

## होली की खुशियां मातम में बदलीं सड़क हादसे में युवक की मौत

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**सरैयाहाट ।** रंगों और खुशियों का पर्व होली सरैयाहाट थाना क्षेत्र के एक परिवार के लिए मातम में बदल गया। कोठिया-तालझारी मुख्य मार्ग पर मोरियार गांव के समीप बाइक और बोलेरो के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान जामा थाना क्षेत्र के गड़गड़िया गांव निवासी सुभाष पूजहर (30) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुभाष होली का त्योहार मनाने के लिए अपने ससुराल सरैयाहाट थाना क्षेत्र के चोराजोर गांव आया हुआ था। दिन भर होली की खुशियों के बीच ससुराल में रंग-गुलाल और जश्न का माहौल था। इसी दौरान शाम के समय सुभाष ने ससुराल में शराब का सेवन किया और देर शाम बाइक से यह कहकर निकला कि वह कोठिया जा रहा है। लेकिन किसे पता था कि यह सफर उसकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा। कोठिया जाने के क्रम में मोरियार गांव के समीप सामने से आ रही एक बोलेरो से उसकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सरैयाहाट पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी राजेंद्र यादव ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। इधर, होली के अवसर पर ससुराल आए दामाद की सड़क हादसे में मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जहां कुछ देर पहले तक रंग और खुशियों का माहौल था, वहीं अब पूरे घर और गांव में मातम पसरा हुआ है।

## अंबेडकर प्रतिमा तोड़ने के प्रयास पर एबीवीपी का आक्रोश, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमन शाह ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ने के प्रयास की घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। महापुरुष हमारे देश और समाज की अमूल्य धरोहर हैं, उनकी प्रतिमाओं के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

अमन शाह ने कहा कि इस तरह की हरकत समाज में अशांति फैलाने की कोशिश है। ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ प्रशासन को सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई इस तरह की घटना करने की हिम्मत न कर सके। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका की ओर से पहले भी जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जा चुका है। ज्ञापन में मांग की गई थी कि जिले में स्थापित सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और उनकी सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था की जाए। अमन शाह ने कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि अब तक जिला प्रशासन की ओर से इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। यदि समय रहते सुरक्षा के इंतजाम किए गए होते तो शायद इस तरह की घटना को रोका जा सकता था। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के आसपास जल्द से जल्द सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। साथ ही हाल ही में हुई घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द पहचान की जाए और उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## शरारती तत्वों ने लगायी खलिहान में आग

**गोपीकांदर ।** प्रखंड के ओड़मो पंचायत अंतर्गत कोचाटोला गांव में एक दुःखद घटना सामने आई है, जहाँ असामाजिक तत्वों ने एक किसान की खून-पसीने की कमाई को आग के हवाले कर दिया। इस अगलगी में गांव के निवासी नीरज मुर्मू के खलिहान में रखी लगभग 4 क्विंटल सरसों और खेत में काटकर रखी गई फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। ग्रामीण बाबूधन मुर्मू ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर खलिहान में आग लगा दी। आग की लपटें देख ग्रामीण तुरंत मौके पर जुटे और पास के पोखर से बाल्टी, ड्रम और टीन में पानी भरकर आग बुझाने की कोशिश की।

## दुमका के सिटी कार्ट मॉल में आध्यात्मिक होली का उल्लास



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**
**दुमका ।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, दुमका द्वारा बुधवार को सिटी कार्ट मॉल में आध्यात्मिक होली उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। राजयोगिनी बी.के. जयमाला के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अभिषेक चौरसिया उपस्थित रहे। उत्सव की शुरुआत प्रातःकालीन मुरली श्रवण और ब्रह्मा बाबा को भोग अर्पण के साथ हुई। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने अपनी एक-एक आंतरिक बुराई को त्यागने और जीवन में सद्गुणों को अपनाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने होली के आध्यात्मिक अर्थ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व मात्र रंगों का खेल नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और ईश्वरीय प्रेम के रंग में रंगने का प्रतीक है। मुख्य अतिथि अभिषेक चौरसिया ने संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आगामी एक वर्ष में दुमका को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सामाजिक व आध्यात्मिक संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में समाजसेवी नीलम मोर, रामानंद मिश्र, राधेश्याम वर्मा, लक्ष्मी नारायण साह, कुंदन झा और डॉ. मनोज कुमार घोष जैसे गणमान्य अतिथि विशिष्ट रूप से शामिल हुए। अंत में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर बी.के. रेखा, अर्जुन हरनानी, बंटी अग्रवाल और राजू अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## चोरी हुआ कोयला लदा हाईवा जीपीएस से बरामद, चोर गिरफ्तार



**गोपीकांदर ।** नाश्ता करने की एक छोटी सी लापरवाही ट्रक चालक को भारी पड़ सकती थी, लेकिन पुलिस की तत्परता और जीपीएस तकनीक ने चोर के मंसूबों पर पानी फेर दिया। गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दलदली गांव के पास से पुलिस ने चोरी हुए कोयला लदा हाईवा को बरामद कर आरोपी चोर को गिरफ्तार कर लिया है। महेशपुर के बसकंदरी निवासी चालक जाहेद अंसारी काठीकुंड के जमनी में एक दुकान के बाहर गाड़ी में चाबी छोड़कर नाश्ता करने लगा। इसी का फायदा उठाकर चोर गाड़ी लेकर फरार हो गया। चालक ने तुरंत इसकी सूचना मालिक को दी, जिसके बाद गोपीकांदर पुलिस और पेट्रोलिंग मैनेजर मनोज चांद को अलर्ट किया गया। गाड़ी में लगे जीपीएस की मदद से उसका लोकेशन ट्रैक किया गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घेराबंदी कर दलदली गांव के पास हाईवा और भाग रहे चोर को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान पाकुड़ जिला निवासी एजाजुल अंसारी के रूप में हुई है। दिलचस्प बात यह है कि मालिक और चोर दोनों एक ही शहर के रहने वाले निकले। एसआई धर्मल मांझी ने बताया कि घटना के संबंध में सनहा दर्ज कर आवश्यक कागजी कार्रवाई दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने वाहन और पकड़े गए व्यक्ति को सुरक्षित थाने लाकर जांच प्रक्रिया पूरी की।

## जलापूर्ति योजना का डीडीसी ने किया निरीक्षण, एक सप्ताह में मांगी सर्वे रिपोर्ट



**दुमका।** उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान ने गुरुवार को मसलिया प्रखंड के धोबना हरिनबहाल पंचायत का दौरा कर बंद पड़ी पेयजलापूर्ति योजना का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में यह बात सामने आई कि उक्त महत्वपूर्ण योजना का रखरखाव अवधि अब समाप्त हो चुका है। योजना की वर्तमान स्थिति को देखते हुए डीडीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को कड़ा निर्देश दिया कि धोबना हरिनबहाल योजना से जुड़े सभी 22 गांवों में तत्काल सर्वे कराया जाए। उन्होंने एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है कि यह योजना धरातल पर क्रियाशील है या नहीं। उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट प्राप्त होते ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि क्षेत्र के ग्रामीणों को जल्द से जल्द सुचारु रूप से पेयजल की सुविधा मिल सके।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से तीन घायल

**गोपीकांदर।** होली के दिन गोपीकांदर थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाईवे पर खेड़ीबाड़ी गांव के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में ग्राम प्रधान मांझी संगठन के प्रखंड अध्यक्ष सुशील सोरेन, रामबनी गांव की सोनिया अहड़ा तथा 25 वर्षीय कोल्हम गृही शामिल हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान सह जोड़ासिमल गांव के निवासी सुशील सोरेन साप्ताहिक बाजार से अपनी बाइक लेकर घर लौट रहे थे। जैसे ही वह खेड़ीबाड़ी स्थित अपने घर के पास बाइक घुसा रहे थे, उसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक चालक और बाइक पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में दोनों बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की सूचना मिलने के बाद गोपीकांदर थाना के एसआई मनोज सोरेन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद सुशील सोरेन और कोल्हम गृही की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल दुमका रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दूसरी बाइक पर सवार युवक होली के कारण अत्यधिक शराब के नशे में थे।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन जांच अभियान



**गोपीकांदर।** गुरुवार को गोपीकांदर थाना पुलिस की ओर से एंटी क्राइम के तहत सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। यह जांच अभियान गोबिंदपुर-साहेबगंज स्टेट हाइवे पर थाना गेट के सामने तथा कारूडीह मोड़ के पास चलाया गया। थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आने-जाने वाले दो पहिया, चार पहिया और मालवाहक वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहनों की डिक्की सहित आवश्यक कागजातों की भी जांच की गई। पुलिस ने चालकों से वाहन से संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अपराध और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से इस तरह का जांच अभियान समय-समय पर चलाया जाता है। अभियान के दौरान एएसआई राजन सिंह सहित अन्य पुलिस जवान मौजूद थे।

## फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के स्तंभ ओंकार नाथ झा का निधन

**रामगढ़ (दुमका)।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री ओंकार नाथ झा का लंबी बीमारी के बाद 3 मार्च 2026 को निधन हो गया। उन्होंने रांची के पारस और फिर समफोर्ड अस्पताल में इलाज के दौरान सुबह लगभग 10:50 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से झारखंड के समस्त 25,000 जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश प्रसाद और सचिव संजय कुंडू ने उनके निधन को संगठन के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने जानकारी दी कि 4 मार्च 2026 को दुमका स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। दिवंगत नेता के सम्मान में प्रदेश के सभी 25,000 डीलरों ने सामूहिक निर्णय लिया है कि दिनांक 5 और 6 मार्च 2026 को दो दिवसीय राजकीय शोक मनाया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसांईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686